

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 15 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-047 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

CMYK

## संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया की मां का निधन

नई दिल्ली,15 मई. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां



माधवी राजे सिंधिया का आज निधन हो गया है। उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। सूत्रों की माने तो सुबह 9 बजकर 28 मिनट पर उनका निधन हुआ। पिछले कुछ महीने से उनका इलाज चल रहा था। वह निमोनिया के साथ-साथ सेप्सिस से भी पीड़ित थीं और पिछले कुछ दिनों से वेंटिलेटर पर थीं। माधवी राजे नेपाल के राजघराने से थीं। वह चैरिटी के काम में काफी सक्रिय रहती हैं। माधवी राजे 24 धर्मार्थ ट्रस्टों की अध्यक्ष थीं जो शिक्षा और चिकित्सा देखभाल जैसे क्षेत्रों में सहायता देते हैं। वह सिंधियास कन्या विद्यालय के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष भी थीं। उन्होंने अपने दिवंगत पति माधवराव सिंधिया की याद में महल संग्रहालय में गैलरी भी बनाई। ग्वालियर के तत्कालीन महाराज माधवराव सिंधिया से उनकी शादी 8 मई 1966 को हुई थी। माधवराव सिंधिया की गिनती देश के ताकतवर नेताओं में होती थी। उनका निधन एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हो गया था।

### साय ने जताया शोक

रायपुर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया का आज निधन हो गया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल ङ्क पर शोक संदेश में उन्होंने लिखा है कि - केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की पूज्य माता जी श्रीमती माधवी राजे सिंधिया जी के निधन की दुःखद खबर प्राप्त हुई। माँ की ममता से बढ़कर और कुछ नहीं होता। दुःख की इस घड़ी में मेरी पूरी संवेदनाएं सिंधिया परिवार के साथ है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### दो बाइक में जोरदार भिड़ंत, दो की मौत

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी,15 मई. भरतपुर जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई हैं। बताया जा रहा हैं कि यहां भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई हैं। घटना मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र की हैं। मिली जानकारी के घटना आज सुबह की हैं। मनेन्द्रगढ़ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर कलक्ट्रेट कार्यालय के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक पर दो-दो युवक सवार थे। हादसे में अजीत वार्ड न.21 और दिनेश ग्राम सिरौली की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और दो घायल हो गए। जिसमें से एक गंभीर रूप से घायल अजीत केरकेट्टा का भालूडांड केवटी केल्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है।

### चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन बंद

नई दिल्ली ,15 मई । चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अगर आप भी चारधाम यात्रा पर जाने का सोच रहे हैं, तो ये खबर जरूर पढ़ लें। नहीं तो आपको भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। उत्तराखंड में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दो दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद कर दी गई है। बता दें कि ये रजिस्ट्रेशन हरिद्वार और ऋषिकेश में हो रहे थे। दरअसल, भीड़ और उसकी वजह से हो रही अव्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं को रास्ते में जगह-जगह रोक दिया गया है। हरिद्वार और ऋषिकेश सेंटर में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 15 और 16 मई को बंद कर दिया गया है।

# जज कहीं के राजकुमार नहीं लोगों को सेवा देने वाले हैं

## सीजेआई चंद्रचूड़ ने ब्राजील के शिखर सम्मेलन में कहा



नई दिल्ली,15 मई. भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने जी20 शिखर सम्मेलन (सुप्रीम कोर्ट के प्रमुखों और जी20 सदस्यों के संवैधानिक न्यायालयों के प्रमुखों के) में अपने संबोधन में कहा कि न्यायाधीश न तो राजकुमार हैं और न ही संप्रभु, बल्कि लोगों को सेवा देने वाले और उनके अधिकारों की रक्षा करने वाले समाजों के प्रवर्तक हैं। सीजेआई ने कहा कि न्यायाधीश शायद एकमात्र सार्वजनिक पदाधिकारी हैं जो ऊंचे मंच पर बैठे हैं, जो अवमानना के लिए दंडित करते हैं और चुनावी नुकसान के डर के बिना अलग-अलग निजी कक्षों में दूसरों के जीवन के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अब हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निर्णय लेने की व्यवस्था की व्याख्या के बारे में बातचीत कर रहे हैं, जिसका अर्थ है कि एआई ब्लैक बॉक्स में निर्णय नहीं ले सकता है और इस बात का स्पष्टीकरण होना चाहिए कि उसने इस तरह से निर्णय क्यों लिया। न्यायाधीशों के रूप में, हम न तो राजकुमार हैं और न ही संप्रभु हैं जो स्वयं स्पष्टीकरण की आवश्यकता से ऊपर हैं।

सीजेआई ने कहा कि एक न्यायाधीश का निर्णय और उस तक पहुंचने का रास्ता पारदर्शी होना चाहिए, कानूनी शिक्षा वाले या उसके बिना सभी के लिए समझने योग्य होना चाहिए, और सभी के लिए एक साथ चलने के लिए पर्याप्त व्यापक होना चाहिए। रियो डी जनेरियो में होने वाला सम्मेलन 3 प्रमुख विषयों न्यायपालिका द्वारा नागरिकता और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना, जलवायु मुकदमेबाजी और सतत विकास और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल परिवर्तन और प्रौद्योगिकी का उपयोग पर केंद्रित है।

# कश्मीर का विकास देख पीओके में हो रहा बवाल : एस जयशंकर

नई दिल्ली,15 मई। आर्थिक बदहाली को लेकर चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत के रुख को दोहराया कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने पीओके में स्थिति की जटिलता पर प्रकाश डाला और सुझाव दिया कि निवासी अपनी स्थितियों की तुलना जम्मू और कश्मीर से कर सकते हैं, जहां प्रगति स्पष्ट है। जयशंकर ने पीओके में कब्जे और भेदभाव की भावना पर जोर दिया। जब उनसे पीओके के भारत में विलय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह हमेशा से भारत का हिस्सा था और इस मामले पर ऐतिहासिक प्रस्तावों पर चर्चा की। उनकी टिप्पणी पीओके में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच आई है, जहां प्रदर्शनकारी बिजली की कम कीमतों की मांग कर रहे हैं।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पीओके की जनता तो पुलिस को भगा ही चुकी है। सेना के साथ भी ऐसा कुछ नजारा देखने को मिल सकता है। ऐसा लग रहा है मानो बरसों का



अत्याचार सहने वाली पीओके की जनता अब अंतिम लड़ाई के मूड में आ गयी है। पाकिस्तान की हुकूमत पीओके के साथ जैसा दोयम दर्जे का व्यवहार करती आई है अब पीओके उसे बर्दास्त नहीं करने वाला। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा करते हुए कहा कि नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान घाटे में चल रही पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस सहित सभी सरकारी स्वामित्व वाले उद्यमों (एसओई) का निजीकरण करेगा। केवल घाटे में चल रही राज्य कंपनियों को निजी बनाने के लिए सरकार की प्रारंभिक योजनाओं का विस्तार किया गया। रणनीतिक उद्यमों को छोड़कर राज्य संचालित उद्यमों के निजीकरण की घोषणा पाकिस्तान द्वारा नई दीर्घकालिक विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ बातचीत शुरू करने के एक दिन बाद आई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शरीफ ने घाटे में चल रहे राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों (एसओई) के निजीकरण प्रक्रिया पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की।

### नर्मदा नदी में नहाने उतरे एक ही परिवार के सात लोग डूबे, एक की लाश बरामद

गांधीनगर ,15 मई। गुजरात के पोइचा से दर्दनाक खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार नर्मदा नदी में नहाने गए एक ही परिवार के सात लोग डूब गए है। इस घटना के बाद एनडीआरएफ और वडोदरा दमकल की टीम लोगों को खोजने की कोशिश में जुटी है।

बताया गया है कि यह लोग नर्मदा नदी में तैराकी करने आए थे। हालांकि, यहां तेज बहाव में सातों लोग डूब गए।

# पहले घोंटा गला फिर दुर्घटना दिखाने के लिए दो बार कार से रौंदा

## इंश्योरेंस क्लेम के लालच में भाई की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़

खैरागढ़- छुईखदान-गंडई,15 मई. 11 मई को तड़के सुबह डोंगरगढ़ रोड के कुम्ही के पास जिला पंचायत के पूर्व सदस्य के बेटे की हत्या की गुत्थी आखिरकार के सी जी पुलिस के संयुक्त टीम ने सुलझा ली है। आरोपियों ने बीमा के लालच में उत्तम जंघेल पिता अमृतलाल जंघेल की न सिर्फ हत्या की बल्कि इससे दुर्घटना का स्वरूप देने के लिए उसके ऊपर दो बार स्कॉर्पियो वाहन भी चलाया था। खैरागढ़ क्षेत्र के कुम्ही डूंगरगढ़ मार्ग में पुलिस को 11 मई को शव मिला था इस शव की पहचान जिला पंचायत के पूर्व सदस्य रेखा जंघेल के पुत्र उत्तम जंघेल पिता अमृत जंगल के रूप में हुई थी, पुलिस ने इस मामले में विवेचना शुरू की थी और मृतक के संबंध में हर छोटी सी छोटी बारीक जानकारी एकत्र कर एवं प्रकरण के सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज चेक कर एवं तकनीकी फुटेज के आधार पर जानकारी मिली कि मृतक के नाम पर कुछ माह पहले हार्वेस्टर वाहन एवं एक स्कॉर्पियो वाहन खरीदी गई थी जो मृतक के मामा के लड़के



हेमंत ढे कवार थाना सालहेक्सा गोंदिया के पास है, पुलिस द्वारा उसकी गतिविधियों पर महाराष्ट्र जाकर कड़ी नजर रखा गया और वैज्ञानिक पद्धति से कड़ी पूछताछ करने पर करने पर हेमंत ने बताया कि उसके उत्तम के नाम पर एक स्कॉर्पियो वाहन माह जनवरी 2024 में,एक हार्वेस्टर वाहन फ़रवरी 2024 में क्रय कराया था, दोनों वाहनों के करीब 30 लाख का फाइनेंस करवाया था, फाइनेंस की अवधि में उत्तम जंगल की मृत्यु या कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसके नाम पर लिए गए सारे लोन की रकम इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा भुगतान किया जाता, साथ ही आरोपी हेमंत द्वारा मृतक उत्तम का भारतीय जीवन बीमा निगम एवं एक्सिस बैंक से 40-40 लाख का दुर्घटना बीमा कराया था, जिसकी किस्तों को भुगतान उसे स्वयं करना पड़ता था।

उक्त रकम की लालच में आकर 10 मई 2024 को आरोपियो योजना के मुताबिक उत्तम को कार दिलाने के नाम पर फोन कर डोंगरगढ़ बुलाया और अपने साथी सुरेश मच्छरकें, प्रेमचंद लिल्हारे दोनों निवासी महाराष्ट्र को, बीमा का रकम मिलने पर पैसे देने की बात करके बुलाया और योजना के मुताबिक तीनों ने गाड़ी में बिठाकर गाता पार थाना से आगे ले जाकर सुनसान सड़क किनारे साथियों ने गमछे से उत्तम का गला घोटकर हत्या कर दिया, घटना को सड़क घटना का स्वरूप देने के लिए मृतक को गाड़ी में डालकर कुम्ही डोंगरगढ़ मार्ग पर लाकर रख दिया, मृतक के शव के ऊपर दो बार स्कॉर्पियो चढ़ाया ताकि सड़क दुर्घटना लगे। फिर वह इस वहां से वापस लौट गए। हत्या के पूर्व आरोपियों ने डोंगरगढ़ में उत्तम को शराब पिलाया था साथ ही पिता की मोबाइल को अपने परीचित के घर रखवा दिया।

# हमें भी चाहिए नरेन्द्र मोदी जैसा नेता : पाक अरबपति

करांची,15 मई. पाकिस्तान मूल के अमेरिकी अरबपति कारोबारी साजिद तरार ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी एक मजबूत नेता हैं जो भारत को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं और वह तीसरी बार देश के पीएम जरूर बनेंगे। पीएम मोदी न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया के लिए भी अच्छे नेता हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा नेता मिलना चाहिए।



बाल्टीमोर में पाकिस्तानी मूल के कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी भारत के सबसे ताकतवर नेता के साथ अच्छे प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मोदी की जीत की भविष्यवाणी भी की। दावा किया कि वो तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मोदी एक शानदार नेता हैं। वह जन्मजात नेता हैं। वह एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया और अपनी राजनीतिक साख को दांव पर रखा। मुझे उम्मीद है कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ बातचीत और व्यापार शुरू करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा। पाकिस्तान इस वक्त भयंकर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) सहित देश के कई हिस्सों में अशांति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा, ÷पाकिस्तान आर्थिक संकट से गुजर रहा है। महंगाई चरम पर पहुंच गई। पेट्रोल की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। आईएमएफ कर बढ़ाना चाहता है। बिजली की लागत बढ़ गई है। हम निर्यात करने में सक्षम नहीं हैं। पीओके में विरोध मुख्य रूप से बिजली बिलों में बढ़ोतरी के कारण है। साजिद ने पीओके के लोगों को आर्थिक मदद देने के पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के फैसले पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, पैसा कहां से आएगा? वह आईएमएफ से नए सहायता पैकेज पर चर्चा कर रहे हैं। पाकिस्तान वित्तीय संकट से गुजर रहा है। ऐसे बुरे वक्त में शहबाज शरीफ का यह फैसला सही नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, अफसोस की बात है कि पाकिस्तान में जमीनी स्तर के मुद्दों को सुलझाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। निर्यात कैसे बढ़ाया जाए आतंकवाद पर नियंत्रण कैसे लाया जाए और कानून व्यवस्था में सुधार कैसे किया जाए, इन मुद्दों पर चर्चा और काम किया जाना चाहिए। वर्तमान में, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अशांति है और राजनीतिक अस्थिरता है। तरार ने कहा, हम चाहते हैं कि हमें कोई ऐसा नेतृत्व मिले जो हमें इन सभी मुद्दों से दूर अगले स्तर पर ले जा सके। गौरतलब है कि तरार 1990 के दशक में अमेरिका आकर बस गए थे और पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों से उनके अच्छे संपर्क माने जाते हैं। उन्होंने कहा, ''यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

## पत्थर से कुचलकर शख्स की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़

बलौदाबाजार,15 मई. जिले में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. भाटापारा शहर में एक व्यक्ति की पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है. वहीं एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार, भाटापारा शहर थाना क्षेत्र में बीती रात माता देवालय वार्ड के शांतिनगर में एक 50 वर्षीय व्यक्ति अखिलेश यादव की रक्त रंजित लाश मिली. सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट



गई है. बताया जा रहा है कि मृतक मिल में मजदूरी का काम करता था. मामले में थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने बताया कि घटना रात लगभग दो बजे के आसपास की है. पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अखिलेश यादव की लाश पड़ी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंच कर जांच में जुट गई. फिलहाल घटना कैसे हुई और क्यों हुई यह पता नहीं चला है. मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं और घटना स्थल के पास एक बड़ा पत्थर मिला जिस पर खून के निशान मिले हैं. जिसे देखकर लगता है कि पत्थर से कुचलकर हत्या की गई है. घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

## हरे सोने का दे रहे अच्छा दाम, आदिवासी भाई-बहनों के जीवन में आएगी खुशहाली : सीएम

रायपुर,15 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो चुका है। राज्य के 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियन, 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण और भंडारण कार्य जोरों पर है। इस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है और इसे तेंदूपत्ता संग्राहकों की जिंदगी में साकारात्मक परिवर्तन लाने वाला बताया है।



श्री साय ने कहा कि राज्य में हरा सोना तेंदूपत्ता की खरीदी हमनें शुरू कर दी है। जिसके संग्रहण का कार्य जून प्रथम सप्ताह तक जारी रहेगा। मोदी की गारंटी में किए गए वादे के अनुसार हमारी सरकार 5500 रूपया प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीद रही है। इससे राज्य के साढ़े बारह लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार, जिसमें अधिकांश आदिवासी परिवार हैं, उनकी जिंदगी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि 5500 रूपया प्रति मानक बोरा के साथ लाभांश राशि भी संग्राहक परिवार को देने की गारंटी हमारी सरकार ने दी है। इसके साथ ही संग्राहक परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति भी हमारी सरकार देगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अन्तर्गत तेंदूपत्ता का संग्रहण माह अप्रैल 2024 के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ किया गया है। संग्रहण हेतु 16.72 लाख मानक बोरे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दिनांक 13 मई 2024 तक उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 7.82 लाख मानक बोरे का संग्रहण किया जा चुका है जो निर्धारित लक्ष्य का 45.19 प्रतिशत है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे हुए 12.50 लाख संग्राहक परिवार को रू. 5500 प्रति मानक बोरा की दर से इस संग्रहण के लिए 900 करोड़ रूपये का भुगतान प्राप्त होना संभावित है। अब तक कुल 275.77 लाख रूपये का भुगतान ऑनलाईन किया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि भुगतान में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से साय सरकार द्वारा ऑनलाइन भुगतान हेतु एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से किया गया भुगतान सीधे संग्राहकों के खाते में पहुंचेगा।

## सत्यजीत दा होते तो दीदी को लेकर हीरक रानी नाम से मूवी बनातेः शाह

कोलकाता,15 मई. अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्यजीत रे बहुत बड़े कलाकार थे, उन्होंने एक मूवी बनाई - हीरक राजार देशे। मगर जब ममता जी का शासन आया, तब सत्यजीत दा नहीं थें, वरना वो हीरक राजार देशे की जगह हीरक रानी नाम से मूवी बनाते। ममता बनर्जी हीरक रानी है। ममता दीदी खुद तो संविधान की धज्जियां उड़ाती हैं और यहां से दीदी के नुमाइंदे कल्याण बनर्जी, उपराष्ट्रपति के संवैधानिक पद का मखौल उड़ाने का काम कर रहे हैं।

ममता बनर्जी लगातार संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं। ममता के 'प्रतिनिधि' और टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी का उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाने का हास्यास्पद कृत्य देश के एक उच्च संवैधानिक पद का अपमान करने का शर्मनाक मामला है। सोनिया-मनमोहन सरकार ने सिर्फ रु. सुनिश्चित किये। बंगाल के विकास के लिए 10 साल में 2 लाख करोड़. दूसरी ओर, यह विकास निधि भारी भरकम रुपये थी। पिछले 10 साल में मोदी सरकार में 9 लाख 25 हजार करोड़ रुपए। नरेन्द्र मोदी जी ने बंगाल के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं।

अमित शाह ने कहा कि मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक आपके लोग सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री रहे। लेकिन सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया। उनकी सरकार ने 10 साल में बंगाल के विकास के लिए मात्र 2 लाख करोड़ रुपये दिए।

# मथुरा और वाराणसी में मंदिर बनाने के लिए भाजपा को चाहिए 400 सीटें : सरमा

नई दिल्ली,15 मई. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वी दिल्ली में एक चुनावी रैली में कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 400 सीटें हासिल करती है तो वह मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि स्थल



और वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद क्षेत्र में मंदिर बनाने की योजना बना रही है। बिस्वा पूर्वी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा के लिए प्रचार कर रहे थे। एक सार्वजनिक बैठक में उन्होंने कहा कि क्या आप सचिन तेंदुलकर से पूछेंगे कि उन्होंने दोहरा और तिहरा शतक क्यों बनाया? जब हमारे पास 300 सीटें थीं तो राम मंदिर बनाया। अब 400 सीटें मिलेंगी तो मथुरा को कृष्ण जन्मभूमि का एहसास होगा। हम वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के स्थान पर बाबा विश्वनाथ को समर्पित एक भव्य मंदिर बनाएंगे। हम मुगलों द्वारा फैलाई गई गंदगी को भी साफ कर सकेंगे।' मथुरा और वाराणसी दोनों जगहें विवादित हैं और मामले चल रहे हैं। मथुरा मामले में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय शाही ईदगाह मस्जिद को 'हटाने' की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जो कृष्ण जन्मस्थान मंदिर के बगल में स्थित है। दूसरे मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने इस साल अप्रैल में मस्जिद के तहखानों में हिंदू प्रार्थनाओं पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों द्वारा नमाज अदा करने पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। बिस्वा ने यह भी कहा कि प्रधान मंत्री के रूप में उनके अनुमानित तीसरे कार्यकाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) को भारत में शामिल किया जाएगा।

हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हमें बताया गया था कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान दोनों का हिस्सा है... अगर मोदीजी को 400 सीटें मिलती हैं, तो हम पीओके को भारत में लाएंगे। अगर मैं 400 सीटों वाली हमारी योजनाओं की सूची जारी रखूंगा तो कांग्रेस आईसीयू में पहुंच जाएगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में रिकॉर्ड तीसरी बार कार्यकाल की मांग कर रहे भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने इस चुनाव में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इंडिया ब्लॉक के बैनर तले कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल सत्तारूढ़ गठबंधन को चुनौती दे रहे हैं।

### मुंबई में होर्डिंग गिरने की जगह पर लगी आग

मुंबई ,15 मई। देश की वाणिज्यिक राजधानी में यहां जिस जगह पर एक पेट्रोल पंप पर एक विशाल होर्डिंग गिरा था, उसके पास ही बुधवार को आग लगने से लोगों में दहशत फैल गई।

हालांकि आग को तुरंत काबू कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सोमवार दोपहर होर्डिंग गिरने के बाद से आज लगातार तीसरे दिन बचाव कार्य जारी रहा।

## राजा के खिलाफ आपराधिक मामले रद्द करने से इंकार

नई दिल्ली,15 मई. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनेताओं को अपने सार्वजनिक बयानों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को यह टिप्पणी करने के साथ ही द्रविड़ आंदोलन के नेता पेरियार, पूर्व मंत्री एम करुणानिधि, डीएमके पार्टी नेताओं आदि के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एच राजा के खिलाफ आपराधिक मामलों को रद्द करने से इन्कार कर दिया। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ मद्रास हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस रॉय ने मौखिक टिप्पणी की, राजनीति में लोगों को इस पर सतर्क रहना होगा कि वे क्या कहते हैं। क्या उनकी बातों से चर्चा का स्तर तो नीचे नहीं जा रहा। हाईकोर्ट ने राजा के खिलाफ आईपीसी की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाने), धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) आदि के तहत दर्ज आपराधिक मामलों को रद्द करने से इन्कार कर दिया था। याचिकाकर्ता ने एफआईआर रद्द कराने के लिए वर्ष 2023 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन हाईकोर्ट ने राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि राजा को इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां करने की आदत है।

# नक्सलियों ने की कार को आईईडी से उड़ाने की कोशिश

CMYK

## बाल-बाल बचे थानेदार और कांस्टेबल

बीजापुर,15 मई. जिले से सनसनीखेज खबर सामने आ आई है। यहां नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत को अंजाम देने की कोशिश की। बताया जा रहा हैं कि नक्सलियों द्वारा थानेदार की कार को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ाने की कोशिश की गई। हालांकि उनकी कोशिश नाकाम रही। बताया जा रहा है कि थानेदार अपने निजी कार से शासकीय काम से बीजापुर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कार के ठीक सामने आईईडी ब्लास्ट हो गया। घटना में कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं कार में सवार थानेदार और एक सिपाही इस घटना में बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह ब्लास्ट में बाल-बाल बच गये। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी एक



जवान के साथ शासकीय काम से बीजापुर आ रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने फरसेगढ़ और रानीबोदली गांव के बीच कमांड थानेदार को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में थाना प्रभारी आकाश मसीह और जवान दोनों सुरक्षित हैं। वाहन के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा है। ब्लास्ट की पुष्टि एसपी जितेंद्र यादव ने की है।

एक नजर

### पीड़िता को ब्लैकमेल कर बलात्कार करने वाला पुलिस की गिरफ्त में



**कवर्धा, 15 मई।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ.अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महेश प्रधान व चौकी प्रभारी विमल लावनिया द्वारा पीड़िता को नग्न फ़ोटो दिखाकर ब्लैकमेल कर बालात्कार करने वाले आरोपी को चंद घण्टे में गिरफ्तार किया गया

विवरणः- मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया दिनांक - 13.05.2024 को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई की जयसिंह चेलक ने एक वर्ष पूर्व इसके साथ जबरदस्ती इसकी नग्न फ़ोटो बनाकर इसे ब्लैकमेल कर बालात्कार किया है व जान से मारने की धमकी दिया है की रिपोर्ट पर थाना कुंडा के अपराध क्रमांक 91/24 धारा 376(2) (ठु), 506 भादवी कायम कर विवेचना में लिया गया है विवेचना दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशयल रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया है इस कार्यवाही में सउनि निर्मल सिंह प्र.आर. बलदाऊ चंद्रवंशी प्र.आर. रघुनंदन चंद्रवंशी, आर. ओमप्रकाश, दिलीप लहरे, मुरारी साहू, महेष्वर, सेवक साहू म.आर. दुर्गा लहरे का सराहनीय योगदान रहा ।

### हादसे में दो की मौत, जुर्म दर्ज



**भिलाई, 15 मई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र सड़क हादसे में मां बेटे की मौत का मामला सामने आया है शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि कुरुद कोहका निवासी मोहन यादव अपनी बाइक सीजी 07 सीएस 2172 में पत्नी उर्मिला यादव, बेटा रुपेश यादव के साथ अपनी बहन बिमला, जीजा छबिलाल यादव के घर मिलने आए हुए थे। खाना खाकर मोहन अपने परिवार के साथ घर लौट रहा था इस दौरान ग्राम नंदिनी खुंदनी के शासकीय स्कूल के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में उर्मिला यादव, रुपेश यादव की मौके पर मौत हो गई टक्कर इतना जबरदस्त था कि मां बेटे की लाश को वाहन चालक कुछ दूर तक खिचकर बाइक सवार दंपति सड़क पर ही गिर पड़े, टक्कर इतना जबरदस्त था माँ बेटा के शव का खून सड़क पर फैला रहा। वहीं बाइक चालक मोहन यादव को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले में पुलिस अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन सीसी कैमरे में खोज रही है जिस जगह पर हादसा हुआ है इसके पूर्व भी वहां कई बार सड़क हादसा हो चुका है वाहन चालक मौके से फरार।

### महिला से अभद्रता, आरक्षक लाइन अटैच

**भिलाई, 15 मई।** भिलाई महिला से दुर्व्यवहार मामले में एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आरक्षक को लाइन अटैच किया है मिली जानकारी के मुताबिक पदमनाभपुर थाना में पदस्थ आरक्षक किशोर सोनी महिला के साथ दुर्व्यवहार किया था। जिसकी शिकायत होने के बाद एसपी ने जांच के बाद आरक्षक किशोर सोनी को लाइन अटैच कर दिया। आरोप है कि महिला पर पुलिस आरक्षक ने भारी दबाव बनाया था उसके बाद उसने अपनी शिकायत वापस ले ली। मगर एसपी ने शिकायत वापस होने के बाद जांच किया और कार्रवाई के बाद गी आरक्षक किशोर सोनी को लाइन अटैच कर जांच के आदेश दिया है। सप्ताह भर पहले पदमनाभपुर पुलिस थाने में महिला शिकायत करने पहुंची थी। इस दौरान डयूटी पर आरक्षक किशोर सोनी पदस्थ था। महिला से आरक्षक पूछताछ करना शुरु कर दिया। दोनों के मध्य जमकर विवाद हुआ। महिला ने एसपी से शिकायत भी की थी ।



### व्यापारी की लाश मिली

**भिलाई, 15 मई।** भिलाई अंजोरी चौकी अंर्तगत शिवनाथ नदी रसमड़ा के पास एक युवक की लाश मिली। लाश तीन दिन पुरानी बताई जा रही है पहचान गवली पारा निवासी सिद्धार्थ जैन पिता विजय जैन (40 वर्ष) के रूम में हुई है अंजोरा चौकी पुलिस ने बताया कि 8 मई से मोपेट लेकर घर से निकला था इसके वाद वह घर नहीं पहुंचा तब सिद्धार्थ के परिजनों ने 12 मई को दुर्ग सिटी कोतवाली थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी सुबह उसकी लाश नदी में मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट होगी पूछताछ में पता चला है कि उसकी हरियाली तेल की एजेंसी है।

### मतदान दल के 6036 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया 58. 85लाख का भुगतान

**दुर्ग, 15 मई ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न होने के उपरांत कुल 1509 मतदान केन्द्रों में मतदान दल के कुल 6036 अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान सेवा देने हेतु मानदेय का भुगतान किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.के. दुबे से मिली जानकारी के अनुसार पीठासीन अधिकारी को 1200 रूपए की दर से एवं मतदान अधिकारी 01, 02 एवं 03 को 900 रुपए की दर से कुल राशि 58 लाख 85 हजार 100 रूपए का भुगतान उनके बैंक खाते में 13 मई 2024 को किया गया है। यदि किसी अधिकारी कर्मचारी के बैंक खाते में मानदेय की राशि जमा नही होती तो वह अपना आवेदन कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग में प्रस्तुत कर सकते है ।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में आरपीएस का रहा दबदबा



















■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 मई।** केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बीते सोमवार को 10वी व 12वी बोर्ड परीक्षा के नतीजे एक साथ जारी किए। इन नतीजों में सफ्लता की परंपरा को कायम रखते हुए नगर के सर्वश्रेष्ठ सी.बी.एस.ई.स्कूल श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहा। बात कक्षा 12वी की की जाए तो छात्र डेविड बंजारे ने 90ः अंक के साथ विज्ञान संकाय में प्रथम तो वही मौलिक जैन ने 86.2ः के साथ कामर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यहां यह विदित हो कि छात्र डेविड बंजारे ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करके एक कीर्तिमान स्थापित किया साथ ही साथ उक्त छात्र ने विगत दिनों श्रम्म् मेंस में व एडवांस की भी परीक्षा सर्वश्रेष्ठ रैंक में उत्तीर्ण की इस वर्ष यहां 12वी का परीक्षा परिणाम 95 फीसदी रहा। वहीं दूसरी ओर कक्षा 10वी की परीक्षा में अनुष्का राजपूत ने 93.2ः प्रतिशत के साथ प्रथम तो आरिका माग्रे एवं पुष्कर जायसवाल पे 92ः एवं 90ः के साथ दूसरे एवं तीसरे पायदान पर रहे। यहां दसवी बोर्ड में 107 बच्चों ने परीक्षा दिलाई थी एवं परिणाम 99ः रहा। सभी सफ्लतम छात्र/छात्राओं को संस्था के डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी व प्राचार्या श्रीमति एम. शारदा एवं समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं ने बधाईयां दी एवं उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ते रहकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित करते रहने की बात कही।

# चुनाव के बाद कार्यालयीन रूटीन कार्य पर ध्यान दें अधिकारीःडीएम



भिलाई, 15 मई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में जन समस्याओं एवं जन शिकायतों के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव सम्पन्न होने के साथ ही कार्यालयीन रूटीन कार्य पर अधिकारी ध्यान देवें। उन्होंने गर्मी के मौसम में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या न हो, इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को पानी सप्लाई हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा कि अभियान चलाकर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाए। इसी प्रकार राजस्व न्यायालय के प्रकरण जल्द से जल्द निराकृत किया जाए। किसान किताब एन्ट्री, आधार सीडिंग, डिजीटल हस्ताक्षर, नक्शा बटांकन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ चिकित्सा के माध्यम से कराने शिविर आयोजित किया जाएँ। उन्होंने इस हेतु सिविल सर्जन को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। जिले में बायो मेडिकल वेस्ट पर कार्यशाला आयोजित करने और मानसून के दौरान मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु चिकित्सालयों में समुचित प्रबंध करने सीएमएचओ को निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले के सहकारी समितियों एवं पंजीकृत दुकानों में खरीफ फसल बीज व खाद भण्डारण एवं वितरण की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी एसडीएम और उप संचालक कृषि को बीज व खाद की सेम्पल जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने बालोद जिले के करकाभांट शक्कर कारखाना को गन्ने की आपूर्ति के लिए जिले में गन्ने की पैदावारी को बढ़ावा देने बालोद जिले से लगे एरिया के किसानों को गन्ने की फसल के लिए प्रोत्साहित करने व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी स्कूल, आश्रम एवं छात्रावासों की आवश्यक मरम्मत करा ली जाए। जिला शिक्षा अधिकारी, आर.ई.एस. एवं संबंधित जनपद पंचायत इस पर विशेष ध्यान देवें।

उन्होंने अधिकारियों को विभाग से संबंधित 31 मार्च तक के सभी लंबित प्रकरण निराकृत कर लेने के निर्देश दिये है। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, वनमंडलाधिकारी चन्द्रशेखर परदेशिया, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम भिलाई-3 चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली के आयुक्त सुश्री मोनिका वर्मा, अपर कलेक्टर बी.के. दुबे एवं श्रीमती योगिता देवांगन, सभी एसडीएम व जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



### सेल ने सीखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए शुरू की पहल

**भिलाई, 15 मई।** संगठन में निरंतर सीखने और विकास की संस्कृति को मजबूत करने के लिए, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 14 मंगलवार को कई प्रमुख प्रगतिशील मानव संसाधन (एचआर) पहल शुरू की है। इस दिशा में, सेल ने कार्यस्थल के अलावा अन्य स्थानों से काम करने की नीति आरम्भ की, जिसे सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने लॉन्च किया है। इस नीति के अंतर्गत, कर्मचारी को निर्धारित स्व-विकास गतिविधि करने पर, कार्यस्थल के अलावा अन्य जगह से काम करने की अनुमति दी जाएगी। इस अवसर पर सेल अध्यक्ष ने कहा कि वाओ नीति, जो सेल की एक अनूठी पहल है, का उद्देश्य हमारे कर्मचारियों को निर्दिष्ट कार्य स्थल से दूर रहते हुए अधिक रणनीतिक भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करने और अपने पेशेवर विकास और स्वस्थ वर्क लाइफ बैलेंस में निवेश करने में सक्षम बनाना है।

सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह ने कहा कि सेल बेहतर कर्मचारी प्रेरणा और जुड़ाव के लिए लगातार नए युग की कई मानव संसाधन पहल शुरू कर रहा है। वाओ नीति की शुरुआत इस दिशा में एक ऐसा ही कदम है।

# आयुक्त के तीखे तेवर देखकर मिक्स कचरा देने वालों के छूटे पसीने



**रिसाली।** किराएदार नियमों को अनदेखी करता है तो, रिसाली निगम मकान मालिक को दोषी मानते हुए कार्यवाही करेगा। मंगलवार को प्रगति नगर सड़क 18 में किराएदार की हरकत से मकान मालिक को खरी-खोटी सुननी पड़ी। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मकान मालिक ए टी चक्रवर्ती को दोबारा मिक्स कचरा देने पर पेनाल्टी वसूली की अंतिम चेतावनी दी। निगम के स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे लोगों की सूची तैयार की है, जो समझाइश के बाद भी गीला व सूखा कचरा मिक्स दे रहे है। सूची के आधार पर ही आयुक्त मैत्री नगर सड़क 18 पहुंची। यहाँ पर चक्रवर्ती के मकान में सोनी परिवार किराए से रहता है। आयुक्त ने घर से निकलने वाले कचरा को देखा। फिर अलग-अलग कर देने निर्देश दिए। महिला के बहस करने पर आयुक्त ने मकान मालिक को तलब किया और चेतावनी दी कि किराएदार द्वारा नियमों की अनदेखी करने पर अब निगम मकान मालिक से जुर्माना वसूल करेगा। आयुक्त पहले प्रगति नगर सड़क 16 पहुंचीं । यहां भी 2 घरों में मिक्स कचरा दिया जा रहा था। आयुक्त की उपस्थिति वाली टीम ने लालचंदानी निवास और प्रकाश कुमार के निवास में दस्तक दी, लेकिन दोनों निवास से कोई बाहर ही नहीं आया। वहीं सड़क 17 पहुंचकर आयुक्त ने बी सी शर्मा परिवार को मिक्स कचरा नहीं देने की समझाइश दी।

#### मानव बल बढ़ाने के निर्देश

निगम आयुक्त ने इस दौरान नागरिकों से भी चर्चा की। गीला सूखा कचरा अलग अलग देने अपील की।

आयुक्त ने बेहतर तरीके से गीला सूखा कचरा लेने मानव बल बढ़ाने निर्देश भी दिए।

# राजयोग भवन में सृष्टि दर्शन आध्यात्मिक संग्रहालय का उद्घाटन



**भिलाई, 15 मई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित राजयोग भवन में 400 से अधिक नवनिर्मित सुंदर प्रेरणादायक कलाकृतियों से सुसज्जित सृष्टि दर्शन आध्यात्मिक संग्रहालय का भिलाई सेवा केंद्र प्रमुख ब्रह्माकुमारी आशा दीदी सहित ब्रह्माकुमारी दीदियों ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस आध्यात्मिक संग्रहालय में नैतिक और अनैतिक जीवन के भेद को बताता जीवन दर्शन,स्वयं की व सर्वोच्च सत्ता की पहचान को बताता आत्म दर्शन से परमात्म दर्शन, भारत के उत्थान और पतन को दर्शाता भारत दर्शन, जैसा कर्म वैसा फल को बताता कर्म दर्शन,राजयोग द्वारा परमसत्ता से शक्तियों की प्राप्ति द्वारा तनाव मुक्त जीवन शैली को बताता राजयोग विधि दर्शन,संस्था की अंतरराष्ट्रीय सेवाओं की दिग्दर्शिका को अति मनोहारी सुंदर कलाकृतियों द्वारा चित्रित किया गया है। संग्रहालय के मध्य में विशेष स्वर्णिम भारत सतयुग का मनोहारी दृश्य जहां शेर और गाय एक घाट का पानी पीते नजर आते हैं, जहां धरती में सिर्फ भारत देव भूमि होगी तथा सभी प्राणियों में सद्भाव होगा। इस संग्रहालय को अवलोकन हेतु विशेष जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, रायपुर सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी का भिलाई सेवाकेंद्र राजयोग भवन आगमन हुआ। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में ब्रह्मा वत्स उपस्थित रहे। यह आध्यात्मिक संग्रहालय सर्व के दर्शनार्थ के लिए प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक तथा संध्या 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक निशुल्क रहेगा।

### खेल प्रशिक्षण शविरि का आयोजन किया जाएगा

**दुर्ग 15 मई ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से विभिन्न खेलों के सब-जुनियर एवं जुनियर वर्ग के प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं को बीएसपी के खेल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। ताकि वे आने वाले दिनों में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने इस हेतु जिला खेल अधिकारी को बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में जनसमस्याओं एवं जन शिकायतों के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिये।

# प्रिज्म पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत











**उतई, 15 मई।** सीबीएसई बोर्ड के दसवीं में प्रिज्म पब्लिक स्कूल के छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र खेतन चंद्राकर (91.40त्न) ने अपने परिणाम का श्रेय नित्य एवम निरंतर अभ्यास और अपने माता पिता के सहयोग को दिया । उनके पिता श्री रघुनाथ चंद्राकार ने बताया कि खेतन की स्कूल में इस वर्ष 100त्न उपस्थिति रही जो उसे रोज पढ़ाई से जुड़े रहने में अहम थी। दूसरे स्थान पर रही चांद साहू (82.40त्न) ने अपने परिणाम का श्रेय बार बार रिवीजन और कक्षा में निरंतर उपस्थिति को बताया। इसके साथ ही चांद साहू ने एक विषय के 100 फ़ीसदी अंक हासिल किया । दसवीं के परिणामों में मानसी निर्मलकर (79.60त्न) स्कूल में तीसरे स्थान पर रही। दसवीं कक्षा में स्कूल के 50 फ़ीसदी से अधिक छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। ज्ञात हो कि बोर्ड द्वारा जारी कक्षा बारहवीं में भी प्रिज्म पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा जिसमे सौम्या (81.80त्न), ओणम साहू (79.80त्न) और गीतांजलि वर्मा (79.80त्न) ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के संचालक श्री रूपेश कुमार गुप्ता एवम डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने परीक्षा परिणाम का श्रेय छात्रों की मेहनत और उनकी लगन को दिया। उन्होंने परिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और पालकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# खोपली के प्रतिभावान छात्र सोहन यादव का ग्रामीणों ने सम्मान किया



**उतई, 15 मई।** बिना ट्यूशन ब् कोचिंग के सेल्फ मेहनत के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोपलीं के कक्षा 12 बी के छात्र सोहन यादव ने गणित मे 91 प्रतिशत 100 में 100 अंक हासिल किया है।बहुत ही प्रतिभा के धनी कठिन संघर्स करते हु टॉप किया है।ऐसे प्रतिभाशाली छात्र का गांव के ग्रामीणो ने स्वागत सम्मान कर आगे पढ़ाई हेतु आर्थिक सहयोग भी प्रदान की। जी एल साहू , आर के बारले, दिनेश बघेल ने प्रोत्साहन हेतु 5000 रुपए युवराज साहू ने 5000 रुपए चेलाराम साहू ने 2000 रुपए तथा सरपंच मंजू वर्मा विशेष प्रोत्साहन राशि व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा के द्वारा बच्चे को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर आगे बढ़ ने हर संभव मदद का आश्वासन प्रदान किया। इस अवसर में बालक के पिताजी चेलाराम माता श्रीमती दीपिका यादव दादा नकुल यादव पिलाराम यादव पुरेन्द्र वर्मा शत्रुहन यादव उपस्थित थे।

# विधायक देवेंद्र ने रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में संभाली कमान



**भिलाई, 15 मई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की कमान संभाल लिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उन्हें ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी है। जहां यादव सांसद प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में सघन जनसंपर्क कर पसीना बहा रहे हैं। विधायक यादव चुनाव प्रबंधन की दृष्टिकोण से कार्यकर्ताओं की ब्लॉक स्तरीय बैठक ले रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं ले रहे हैं। सभाओं में जनता की भीड़ के रूप में पूरा समर्थन भी मिल रहा है। लोग स्वफुर्त होकर विधायक यादव के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे हैं और राहुल गांधी को जिताकर संसद भेजने और केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने की अपील कर रहे हैं। मंगलवार को विधायक ने ऊंचाहार, जगतपुर और साहगौरा ब्लॉक में सघन जनसंपर्क किया। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का 20 मई को मतदान होना है। इस बार उत्तर प्रदेश की जनता ने बदलाव का पूरा मन बना लिया है। लोग महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से त्रस्त है और इसे लेकर बदलाव चाहती है। पूरे देश में बदलाव का माहौल है।

# भीषण गर्मी में सफर कर रहे यात्रियों को पिलाया शरबत



**भिलाई, 15 मई।** रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई एवं स्व सहायता समूह उरला जिला दुर्ग के सौजन्य से स्वयंसेवकों द्वारा भीषण गर्मी में सफर कर रहे यात्रियों को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल राजनांदगांव की प्रभारी इंस्पेक्टर तरुणा साहू और उनकी टीम के साथ मिलकर शर्बत बांटा गया। यह आयोजन संस्था संरक्षक टिकम चन्द जैन ग्राम नन्कठृठी जिला दुर्ग के सौजन्य से किया गया। संस्था की अध्यक्ष सुश्री शान्ता शर्मा सहित इस नेक सेवाभाव कार्य में शिक्षा जगत से जुड़े युवा समाजसेवी संदीप पांडेय खास तौर पर जुटे रहे।

एक नजर

## डोंगरगढ़ पुलिस की एक और सफलता लूट के फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 15 मई।** 11 मई को प्रार्थिया भूमिका जाम्बुलकर निवासी कुरूभाठ थाना डोंगरगढ़ के द्वारा एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक - 10.05.2024 को दोपहर 12:30 बजे सायकल में डोंगरगढ़ से घर जा रही थी रास्ते में सामने तरफ से एक मोटर सायकल में तीन बादमाश पास आकर लड़की को सायकिल सहित धक्का देकर गिरा दिये और उसके मोबाईल फोन आधार कार्ड लूट कर फरार हो गये थे पीड़िता के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चंद्रा द्वारा अपने टीम के साथ तत्काल कार्यवाही करते हुये, एक आरोपी दीपक बाघमारे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में अन्य दो आरोपी फरार था। जिसमें से एक आरोपी अमित बंजारी पिता अशोक बंजारी उम्र 30 साल घुरवाटोला डोंगरगढ़ निवासी को आज दिनांक 14.05.2024 को गिरफ्तार कर एवं लुटे हुये दस्तावेज को जप्त कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। प्रकरण के एक अन्य फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।



## एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव 15 मई।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें एकलव्य विद्यालय राजनांदगांव के कक्षा 10वीं में 98.24 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में 93.47 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। राज्य में संचालित एकलव्य विद्यालयों में एकलव्य राजनांदगांव के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं में शामिल 57 विद्यार्थी में से 43 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 11 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं एक विद्यार्थी को पूरक दिया गया है। वहीं कक्षा 12वीं में शामिल 46 विद्यार्थी में 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 23 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं 3 छात्र को पूरक दिया गया है।

## मतगणना के लिए नियोजित कर्मचारियों-अधिकारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव 15 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 मई से जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रारंभ किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी निर्देशानुसार मतगणना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 15 मई 2024 को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। वहीं मतगणना सहायकों का प्रशिक्षण 16 मई 2024 को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। मतगणना कार्य हेतु माईक्रो प्रेक्षक का प्रशिक्षण 22 मई 2024 को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। इन सभी प्रशिक्षण में मतगणना कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर उपस्थिति होने निर्देश दिए गए है।

## अवंति विहार कालोनी में भारतीय योग संस्थान की महिलाओं ने महिलाओं को जागरूक बनाया

**रायपुर 15 मई।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर हित में पर्यावरण सुधार जनभागीदारी से लाने की दृष्टि से नगर निगम क्षेत्र के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में आवासीय क्षेत्रों में घरों में गीला एवं सूखा कचरा पृथक करके नगर निगम सफाई मित्र को सफाई वाहन में देने जनजागरण अभियान सभी जोनो के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपर आयुक्तगणों, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरगणों, कार्यपालन अभियंतागणों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में सतत जारी है। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर निगम की पहल पर विभिन्न स्वयं सेवी संगठन इसमें आगे आकर स्वस्फूर्त जुडकर नागरिको और महिलाओं को घर -घर जाकर गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक डस्टबीन में रखकर निगम सफाई मित्र को देने जागरूक बनाया जा रहा है। आज नगर निगम जोन 9 के तहत महर्षि वाल्मिकी वार्ड के अवंति विहार क्षेत्र में भारतीय योग संस्थान ग्रुप की सुश्री ज्योति गुप्ता, नीता भंडारकर, ममता अग्रवाल, गीता शारदा अग्रवाल एवं अन्य समाज सेवी महिलाओं ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत स्वस्फूर्त आगे आकर घर-घर जाकर पर्यावरण सुधार की दृष्टि से महिलाओं से चर्चा कर उनसे घर का सूखा और गीला कचरा पृथक-पृथक डस्टबीन में रखकर निगम सफाई मित्र को देने एवं शहर का पर्यावरण सुधारने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने का आव्हान किया ।

## आयुक्त ने राजस्व वसूली स्व अमले को किया सम्मानित

**रायपुर 15 मई।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में रायपुर नगर निगम हेतु 283 करोड रू. से अधिक की राजस्व वसूली करने के कार्य की सराहना करते हुए नगर निगम राजस्व अमले एवं कोटक महेन्द्रा बैंक को सम्मानित किया है। शहीद स्मारक भवन के सभागार में आयुक्त ने वर्ष 2023-24 हेतु सर्वाधिक राजस्व वसूली करने हेतु संयुक्त रूप से जोन 8 एवं जोन 10 की राजस्व टीम को प्रथम स्थान एवं जोन 2 राजस्व टीम को द्वितीय स्थान पर आने के लिए सराहा एवं उन्हें स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने व्यक्तिगत रूप से राजस्व वसूली कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने राजस्व अधिकारी श्री विवेकानंद दुबे, श्री बलदाऊ वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी श्री सर्वश्री प्रेमचंद दुबे जोन 2, महादेव रक्सेल जोन 3, अमरनाथ साहू जोन 7, प्रमोद जाघव जोन 8, विजय शर्मा जोन 9 सहित वर्ष 2015-16 से नगर निगम राजस्व विभाग को आनलाईन सिस्टम में शामिल करने जीआईएस सर्वेक्षण कार्य के तहत वर्ष 2015-16 से तत्कालिन नगर निगम आयुक्त श्री रजत बंसल एवं उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे के निर्देश पर निरंतर कार्यरत आईटी एक्सपर्ट श्री रंजीत रंजन को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# चिखली में अवैध प्लाटिंग की तैयारी, निगम ने खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का लगाया बोर्ड

### कार्यवाही के पूर्व संबंधित को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 मई।** निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर नगर निगम कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही कर खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया। कार्यवाही की कडी में आज चिखली में साई मंदिर के पास रिक्त कृषि भूमि खसरा नं. 398/1 में जुनीहटरी निवासी श्री अहमद रजा आ. श्री रियाज अहमद द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जानकारी होने पर नगर निगम की अतिक्रमण तोडू दस्ता टीम ने उक्त प्लाट में खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया, इस संबंध में संबंधित को पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था।

अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगमी सीमा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जहॉ अवैध प्लाटिंग की जा रही थी वहा जेसीबी से उखाडकर अवैध प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त कर खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया था।



आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कार्यवाही की कडी में आज चिखली साईं मंदिर के पास रिक्त कृषि भूमि खसरा नं. 398/1 में जुनीहटरी निवासी श्री अहमद रजा आ. श्री रियाज अहमद द्वारा अवैध प्लाटिंग कर विक्रय की तैयारी की जा रही थी, जहा आज नगर निगम की टीम ने उक्त भूमि पर अवैध प्लाटिंग क्षेत्र, टुकडो में जमीन की खरीदी बिक्री प्रतिबंधित है, संबंधी बोर्ड लगाया, साथ ही संबंधित को पूर्व में छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत अवैध प्लाटिंग बंद करने नोटिस भी जारी किया गया था। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र में बिना जानकारी के खरीदी बिक्री न करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि कही भी प्लाट खरीदने के पूर्व निगम में सम्पर्क कर वैध-अवैध प्लाटिंग की जानकारी ले लेवे, जानकारी उपरांत ही प्लाट खरीदी की कार्यवाही करे, ताकि परेशानी से बचा जा सके।

# राजस्व शिविर परिणाम देने वाला होना चाहिए: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 15मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य को राजस्व संबंधी समस्याओं के लिए परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, खाता विभाजन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व शिविर परिणाममूलक होना चाहिए और आम जनता को इससे लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि पटवारी निर्धारित दिनों में अपने कार्यालय में उपस्थित रहे एवं अच्छी तरह से कार्य करें। राजस्व शिविर के आयोजन से पहले मुनादी कराएं तथा सभी तहसीलों में शिविर का आयोजन होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ मद अंतर्गत जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पांच कार्यों के लिए प्राथमिकता देते हुए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। इस दौरान सभी विभागों से इससे जुड़े प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि 33 गांवों में जहां भू-जल स्तर में कमी आयी है, वहां वाटर रिचार्ज करने के लिए चेकडेम, डबरी, परकुलेशन टैंक जैसे जलीय संरचनाओं के माध्यम से वाटर रिचार्ज किया जा सकता है। जिससे सिंचाई के रकबे में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने सहकारिता विभाग को किसानों की सुविधा के लिए शेड, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुल-पुलिया से वंचित ग्रामों में पुल निर्माण करने के निर्देश दिए। सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच रोड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हांकन करते हुए वहां आने वाले तकनीकी दिक्कत को दूर कराएं। सड़क दुर्घटना को दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए ऐसे स्थान जहां दुर्घटना होने की संभावना रहती है, वहां स्पीड ब्रेकर बनाएं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि खेती किसानी के कार्य को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव हो जाना चाहिए। इससे खाद एवं बीज के कमी की समस्या नहीं आएगी और किसानों को खाद-बीज समय पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने जिले में वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के 1525 ग्राम पंचायतों में मुनगा एवं पपीता के पौधों का वितरण करने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

# नगर निगम के एसएलआरएम सेन्टर से प्राप्त करें जैविक व वर्मी खाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** नगर निगम के एसएलआरएम सेन्टरों में स्वच्छता दीदीयों द्वारा गीला कचरा से जैविक व वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। जिसका उपयोग उद्यानों एवं कृषि फसलो के लिये अत्यंत उपयोगी है, उक्त खाद निगम के एसएलआरएम सेन्टरों से न्यूनतम दर में प्राप्त किया जा सकता है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि बाजार एव घर से निकलने वाले कचरा जिसे स्वच्छता दीदीया डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीला एवं सुखा कचरा संग्रहण करते है, जिसे एसएलआरएम सेन्टर में उनके द्वारा पृथककरण किया जाता है और गीला कचरा व पत्तिया आदि से खाद बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 60 दिन की प्रक्रिया में पीठ एवं कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद का निर्माण किया जाता है, प्रक्रिया के तहत डी-कम्पोस्ट व गोबर घोल डालकर उलट पलट किया जाता है, जिसे 60 दिन के उपरांत जैविक तथा वर्मी खाद का उत्पादन होता है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद किचन गार्डन, सब्जी बागवानी, घरों के उद्यानों, तथा कृषि फसलों हेतु अत्यंत उपयोगी है। यह शुद्ध देशी खाद है, जिसे गीला कचरा व पत्तियों आदि से बनाया जाता है, इस खाद में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं मिला होता है, जिस कारण से यह खाद फसलों, सब्जियों आदि की अधिक पैदावार हेतु अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद का पर्याप्त भण्डारण निगम के पास है, जिसे नवागॉव, रेवाडीह, लखोली व मोहारा के एसएलआरएम सेन्टर से बाजार मूल्य से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों एवं कृषकों से अपील करते हुये कहा है कि केमिकल मुक्त जैविक तथा वर्मी खाद का अपने उद्यानों व फसलो की उर्वरा शक्ति बढ़ाने एवं शुद्ध उत्पादन के लिये उपयोग करने एसएलआरएम सेन्टरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त कर सकते है।



## एचडीएफसी बैंक ने पिक्सेल पेश किया, डिजिटल क्रेडिट कार्डस की एक नई पीढ़ी

**रायपुर 15 मई।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज पिक्सेल के लॉन्च की घोषणा की है. यह डिजिटल मूल निवासियों के लिए डिज़ाइन की गई अपनी तरह की पहली एंड-टू-एंड मोबाइल ऐप है, जो डीआईवाई आधारित अनुकूलन योग्य डिजिटल कार्ड रेंज है। पिक्सेल को डिजिटल प्रवाह, अद्वितीय प्राथमिकताओं और विशिष्ट वित्तीय व्यवहारों वाली पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है। पिक्सेल डिजिटल क्रेडिट कार्ड श्रृंखला की अपनी तरह की पहली श्रृंखला है जो निर्बाध ऐप-आधारित जारी करने हेतु पूर्ण डिजिटल जीवनचक्र प्रबंधन, उपयोगकर्ता जुड़ाव और डिजिटल सर्विसिंग प्रदान करती है। इसके अलावा, पिक्सेल के माध्यम से, बैंक ग्राहकों को अपनी पसंदीदा श्रेणियां और पसंदीदा व्यापारी/प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि जोमाटो, मयंत्रा , बुक मई शो , मेक माई ट्रिप अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट आदि का चयन करने में सक्षम बनाकर उन्हें अनुकूलन और पसंद की शक्ति देता है।

समाचार संक्षेप

## संभागायुक्त ने शासकीय मेडिकल कालेज संबद्ध चिकित्सालय का निरीक्षण किया



**राजनांदगांव 15 मई।** संभागायुक्त दुर्ग संभाग श्री सत्यनारायण राठौर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय पेण्ड्री राजनांदगांव का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, डीन शासकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. रेणुका गहिने उपस्थित रहे। संभागायुक्त दुर्ग संभाग श्री राठौर ने केजुएल्टी वार्ड, ओ.टी. एवं सर्जिकल वार्ड का अवलोकन किया। इसके साथ ही मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के किचन को मॉड्यूलर किचन बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध मिलना चाहिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से बात कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी का अवलोकन कर प्रतिदिन आने वाले ओपीडी और आईपीडी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बहुत अच्छा बना है। यहां स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक अच्छी अधोसंरचना बनी है। इसका सही तरीके से उपयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षक शासकीय मेडिकल कॉलेज श्री प्रदीप बेक, सहायक अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी सहित चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक दिवसीय कक्षा सेमिनार आयोजित



**छूरिया 15 मई।** शास.रानी.सूर्यमुखी.देवी महाविद्यालय एम.ए.हिन्दी विभाग के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विघार्थियों के तत्वधान में एक दिवसीय कक्षा सेमिनार आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.सुषमा चौरे नेताम के निर्देशानुसार एवं अतिथि व्याख्याता शिक्षक हिंदी विभागाध्यक्ष चैतराम यादव, महेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सभी छात्र- छात्राओं ने सराहपूर्ण सुव्यस्थित ढंग से एक - एक करके अपनी पाठ्यक्रम से जुड़ी विषयांतर्गत प्रतिभाओ को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं महाविद्यालय प्राचार्य ने बच्चों के नई दिशा की ओर अग्रषित करते हुए कहा कि किसी भी विषय या प्रतिलिपि को शिक्षण से ज्यादा समझने की जरूरत होती हैं जिससे एक विधार्थी की आगे बढ़ने की न्यू तैयार होती है व सामने होने वाली द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा की बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए। जिसमे छात्र हिंदी विभागाध्यक्ष रितेश साहू,भूषण, ताराचंद, जागेश्वर, चुमेंद्र, गोविंद, नीरज, जितेंद्र, महेंद्र, रीना,कांता, सुमन, भारती, ज्योतिस्वरूप, रूखमा, प्रेमाज्योति, वर्षा,रानी, टोमिन,रानी और अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## निगम में भविष्य में समुचित जल प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर 15 मई।** नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन में भविष्य में समुचित जल प्रबंधन के विषय में चर्चा करने जियो हाईड्रोलॉजिस्ट की उपस्थिति में कार्यशाला हुई । कार्यशाला में सम्मिलित हुए नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सभी को पानी के मोल को समझना होगा। पानी की प्रत्येक बूंद का संरक्षण कर इस कार्य हेतु निरंतर सतत जनजागरण कार्य करने के सभी प्रण लें । आयुक्त ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य मानसून आने के पूर्व अधिक से अधिक स्थानों पर करवाने कहा । ताकि जल का समुचित प्रबंधन हो सके। जियो हाईड्रोलॉजिस्ट रायपुर जिला जल प्रबंधन समिति के श्री वी.के. पाणीग्रही एवं श्री विपिन दुबे सहित 15 से अधिक जियो हाईड्रोलॉजिस्ट निगम में हुई कार्यशाला में सम्मिलित हुए । उन्होने रैन वाटर हार्वेस्टिंग की प्रणाली के संबंध में जानकारी दी । आयुक्त के निर्देशानुसार शीघ्र जियो हॉईड्रोलॉजिस्ट नगर निगम क्षेत्र में रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य का सर्वे प्रारंभ करेंगे। कार्यशाला में जलप्रबंधन कार्य हेतु विषय विशेषज्ञों को नगर निगम द्वारा रैन वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवायी गयी ।

# अवैध शराब पर जिले भर में चलाया गया अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 15 मई।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिये असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सत्त अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तहत दिनांक 14.05.2024 को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण और 34(1) के 02 प्रकरण कुल 03 प्रकरणों में 03 आरोपी के कब्जे से 66 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 5940/-रूपये, छुरिया पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620/-रूपये, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1980/-रूपये जप्त। सोमनी पुलिस द्वारा 34(1) के 02 प्रकरण में 02 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2880/-रूपये, कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620/-रूपये, थाना डोंगरगांव, गैंदाटोला एवं ओ.पी. सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 36(च) के 01-01 प्रकरण में 01-01 आरोपी के कब्जे से 02-02 पौवा देशी शराब कीमती 540/-रूपये जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध किये हैं। इस प्रकार जिले में आज दिनांक 14.05.2024 को आबकारी एक्ट के कुल 11 प्रकरणों में 11 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 162 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 14,580/-रूपये जप्त किया गया।

# हमारा संकल्प मिट्टी के गोले की तरह होना चाहिए, वो जितना तपेगा उतना निख़रेगा-सुधाकर मुनि

■ जो संकल्प में डटे रहे वह निकल गए और निखर गए-सुधाकर मुनि

■ तेरापंथ भवन में चल रहा है प्रवचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि संकल्प चार गोलों की तरह के होते हैं- पहला मोम का गोला, दूसरा काष्ट का गोला, तीसरा लोहे का गोला और चौथा मिट्टी का गोला। हम जैसा संकल्प करते हैं वैसे ही सृष्टि बन जाती है। जो संकल्प में डटे रहे वह निकल गए और निखर गए। तेरापंथ भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में सुधाकर मुनि ने कहा कि कहा कि मोम के गोलों की तरह कुछ लोगों का संकल्प होता है जो आग के सामने आते ही पिघल जाता है। इसी तरह कुछ लोगों का संकल्प थोड़ी सी मुसीबत आती है तो काष्ट के गोले की तरह जल जाता है और थोड़ी ज्यादा मुसीबत आती है तो वह लोहे के गोले की तरह पिघल जाता है, किंतु मिट्टी का गोला कितनी ही आग रहे वह तपकर और मजबूत हो जाता है, निखर जाता है। मिट्टी के गोले की तरह का संकल्प जितनी भी मुसीबत आ जाए,वह तपकर और मजबूत होता जाता है। मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि हमारा संकल्प मिट्टी के गोले की तरह होना चाहिए। उसे जितना तपाया जाएगा , वह उतना ही निखरता जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन संघर्ष है ।जीवन तपता तब कहीं जाकर वह निखरता है। उन्होंने कहा कि जो चलता है भाग्य भी उसका चलता है और जो रुकता है भाग्य भी उसका रुक जाता है। इसी तरह जो सोता है भाग्य भी उसका सो जाता है। जप और तप में यदि आपका संकल्प दृढ़ नहीं है तो आप बिखर कर टूट जाएंगे। संकल्प बल की कमजोरी ही असफलता का सबसे बड़ा कारण है। मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि मानव जन्म से नहीं वरन कर्म से महान होता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ÷यू÷ जैसी है। हम जितना पुण्य- पुण्य- पुण्य करते जाएंगे, वह एक छोर में भरता जाएगा और हमारा पाप दूसरे छोर से निकलता जाएगा। साधु - साध्वियों को जीवन मिलता है तो वह सोचते हैं कि वे अपने पाप को यहीं भोगकर जाएं। उन्होंने कहा कि जो रसना में विजय प्राप्त कर लेता है , वही द्रव्य त्याग पाता है। हम धर्म करते हैं और धर्म करने में किसी की सहायता करते हैं तो हमारा पुण्योदय होता है। धर्म ध्यान भी हम तभी कर पाते हैं, जब हमारा पुण्योदय होता है। इससे पूर्व नरेश मुनि जी ने कहा कि अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करना ही वरण है। समय रहते ही अपना काम कर लो, धर्म ध्यान कर लो।आज प्रवचन में शांत क्रांति संघ के अध्यक्ष सूरजमल जी गिडिया,श्रमण संघ के शिव कुमार जी संचेती और समाजसेवी तेजकरण जी श्रीश्रीमाल उपस्थित थे ।



## संपादकीय

# पाकिस्तान से डरने की कोई जरूरत नहीं है

देश की जनता एक मजबूत सरकार पसंद करती है। वह ऐसी सरकार को पसंद नहीं करती है जो किसी देस के सामने कमजोर न पड़े। ऐसे पीएम को पसंद नहीं करती है तो किसी देश को कड़े शब्दों में कुछ कह न सके। ऐसी सरकार को जनता पसंद नहीं करती है जो देश से आतंकवाद व नकस्लवाद का सफाया न कर सके। देश में ऐसी सरकारे हुई हैं जो पड़ोसी देश की नापाक हरकतों को मुंहतोड़ जवाब नहीं दे पाती थी, उससे खिलाफ कड़े कदम तक नहीं उठा सकती थी, वह हमारे देश में अअलगाववाद व आतंकवाद को बढ़ावा देता था और हम उससे हर तरह का रिश्ता बनाए रखते थे, बड़े देशों से शिकायत करते थे कि देखो पाकिस्तान भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान से आए आतंकवादी देश के किसी भी शहर में किसी भी वक्त बम विस्फोट कर वापस भाग जाया करते थे। देश की संसद पर हमला होता है तो सरकार उसका जवाब पाकस्तान को नहीं दे पाती है। कमजोर सरकारे पाकिस्तान के एटम बम से डरती थी। उसे कड़ा डोज देने की जगह कमजोर सरकारे पाकिस्तान को डोजियर भेजा करती थी। तब कोंी देश भारत की बात सुनता नहीं था। पाकिस्तान कश्मीर का मुद्दा उठाता था तो सरकार उसका जवाब तक नहीं दे पाती थी कि वह तो भारत का हिस्सा है। 2014 के पहले का कांग्रेस सरकारे तो कभी पाकिस्तान से सख्त शब्दो में बात तक नहीं कर सकी। क्योंकि उनको अंदेशा लगा रहता था कि पाकिस्तान के खिलाफ कोई कड़ा कदम उठाने पर भारत के मुसलमान नाराज हो जाएंगे। कांग्रेस की सोच तब क्या थी उसे हाल में मणिशंकर अय्यर ने फिर एक बार जाहिर किया है। उन्होंने मोदी सरकार से कहा है कि पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि उसके पास एटम बम है। यही कांग्रेस की सोच रही है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत कुछ भी करेगा तो पाकि एटम बम का इस्तेमाल भारत के खिलाफ करेगा. वास्तव में कांग्रेस मुसलमानों को नाराज नहीं करना चाहती थी इसलिए वह पाकिस्तान के खिलाफ कोई कड़ा कमद कभी उठाना ही नहीं चाहती थी। इसके लिए उसे एक बहाने की जरूरत थी कि वह पाकिस्तान के खिलाफ कोई कड़ा कदम इसलिए नहीं उठाती है क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है। पीएम मोदी सही कहते हैं कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरम के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उसने मुस्लिम तुष्टिककरण के लिए देश का विभाजन होने दिया, उसने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए शाहबानों मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल दिया। उसने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कश्मीर में धारा-370 को हटाया नहीं, वह मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। आज इसी वजह से कांग्रेस को भाजपा सांप्रदायिक पार्टी होने का आरोप लगा रही है। कितनी अजीब बात है कि जो कभी खुद को धर्मनिरपेक्ष पार्टी कहती थी, वह आज ऐसे काम करने को सोच रही है जिसके कारण उसे सांप्रदायिक कहा जा रहा है, और यह भाजपा कह रही है जिसे कभी कांग्रेस महज राम मंदिर आंदोलन के कारण सांप्रदायिक कहा करती थी। देश की पाकिस्तान नीति कांग्रेस के समय पाक से डरने व दबकर रहने की थी। मोदी के समय कोई नहीं कह सकता कि भारत पाकिस्तान से डरता है या उसके पास एटम बम होने से डरता है। यह मोदी सरकार ही है जिसने देश से आतंकवाद का सफाया कर दिया है। कोई भी आतंकवादी देश में घुसते ही पकड़ लिया जाता है या उसे कश्मीर सीमा पर ही मार दिया जाता है। इसीलिए अमित शाह व पीएम मोदी पूरे विश्वार से कहते है कांग्रेस डरती होगी पाकिस्तान से हमारी सरकार नहीं डरती है। पाकिस्तान ने बालाकोट किया था तो मोदी सरकार ने घर में घुसकर पाक आतंकवादियों का सफाया कर दिया था। मोदी के समय सरकार दो बार पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मार चुकी है। तब से पाकिस्तान भारत में कोई बडी वाहदात करने से डरता है। आज मोदी का यह खौफ है कि पाक तो वहां रहने वाले आतंकवादी तक मोदी से खौफ खाते हैं क्योंकि उनको पता नहीं चलता है कब उनको कोई मार जाता है। समझा यही जाता है कि ऐसा मोदी सरकार करा रही है। अच्छी बात यह है कि पाक को भारत से डरना चाहिए और वह डरता है।

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

# परिवार है तो स्नेह,सौहार्द,सहयोग, संगठन, सुख-दुख है...

ललित गर्ग



परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने, एकजुटता के आदर्शों को बढ़ावा देने और दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को मजबूत करने वाले प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिए इसे 1994 में एक संकल्प के रूप में अपनाया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस की 30वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जिसका थीम है परिवार और जलवायु परिवर्तन। इसका लक्ष्य परिवारों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इन प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करना है। परिवार और सामुदायिक पहल शिक्षा, सूचना पहुंच, प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी प्रदान करके जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण एवं जीवन पर पड़ रहे खतरों से सावधान करना एवं पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाना है। 1983 में, आर्थिक और सामाजिक परिषद और सामाजिक विकास आयोग ने सिफारिश की कि संयुक्त राष्ट्र पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करे। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएँ दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए, 1993 में, इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया।

स्पष्ट है कि किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है। दरअसल सही अर्थों में परिवार वह संरचना है, जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन, सुख-दुःख की साझेदारी, सबमें सबके होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का अवकाश है, अनुशासना के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली में जीता है। वृद्धत्व जीए गये अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसे परिवार रूपी परिवेश में सुखी जीवन का स्रोत प्रवहमान रहता आया है। लेकिन आज इस परिवार की संरचना में आंच आयी हुई है। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ है। विश्वास संदेह में उतर रहा है। कोई किसी को सहने और समझने की कोशिश नहीं कर रहा है। इन स्थितियों पर नियंत्रण की दृष्टि विश्व परिवार दिवस मनाये जाने की प्रासंगिकता आज अधिक सामने आ रही है।

परिवार सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य रहा है या फिर है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। भारत की संस्कृति और सभ्यता कितने ही परिवर्तनों को स्वीकार करके अपने को परिष्कृत कर ले, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। परिवार बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। बावजूद इसके क्यों परिवार बिखर रहे हैं, परिवार संस्था के अस्तित्व पर क्यों धुंधलके छा रहे हैं- इस तरह के प्रश्न समाधान चाहते हैं। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने इसी समाधान के लिये हिन्दू विवाह परम्परा को बल देने की बात हाल ही में कही हैं।



सच है कि आज संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं। एकल परिवार भी तनाव में जी रहे हैं। बदलते परिवेश में पारिवारिक सौहार्द का ग्राफ नीचे गिर रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। परिवार से पृथकता तक तो ठीक है, किंतु उसके मूल आधार स्नेह में भी खटास पड़ जाती है। स्नेह सूत्र से विच्छिन्न परिवार, फिर 'घर' के दिव्य भाव को नहीं जी पाता क्योंकि तब उसकी दशा 'परिवार के सदस्यों की परस्पर अजनबी समूह' जैसी हो जाती है। समस्या आदिकाल से है, किंतु वह अब तक इसलिए है क्योंकि अधिकांश परिवारों ने समाधान के अति सरल उपायों पर विचार ही नहीं किया या फिर यों कहें कि अपनी रूढ़िवादिता की झोंक में विचार करना पसंद ही नहीं किया। मेरे विचार से, स्नेह, सम्मान और स्वतंत्रता की सूत्रत्रयी ही समाधान का मूल है। यदि तीनों का परस्पर अंतर्संबंध समझकर उसे आचरण में उतार लें, तो घर को 'स्वर्ग' बनते देर नहीं लगेगी। जब घर स्वर्ग बनने लगेंगे तो दुनिया, प्रकृति एवं पर्यावरण भी स्वर्गमय बन जायेंगे। दुनिया भर की धन दौलत व्यक्ति को वह सुकून नहीं दे सकती, जो स्नेह और सम्मान का मधुर भाव देता है।

इन्सान की पहचान उसके संस्कारों से बनती है। संस्कार उसके समूचे जीवन को व्याख्यायित करते हैं। संस्कार हमारी जीवनी शक्ति है, यह एक निरंतर जलने वाली ऐसी दीपशिखा है जो जीवन के अंधेरे मोड़ों पर भी प्रकाश की किरणें बिछा देती है। उच्च संस्कार ही मानव को महामानव बनाते हैं। सद्संस्कार उत्कृष्ट अमूल्य सम्पदा है जिसके आगे संसार की धन दौलत का कुछ भी मौल नहीं है। सद्संस्कार मनुष्य की अमूल्य धरोहर है, मनुष्य के पास यही एक ऐसा धन है जो व्यक्ति को इज्जत से जीना सिखाता है और यही सुखी परिवार का आधार है। वास्तव में बच्चे तो कच्चे घड़े के समान होते हैं उन्हें आप जैसे आकार में ढालेंगे वे उसी आकार में ढल जाएंगे। मां के उच्च संस्कार बच्चों के संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। प्रख्यात साहित्यकार जैनेन्द्रजी ने इतस्तत में कहा है,÷परिवार मर्यादाओं से बनता है। परस्पर कर्त्तव्य होते हैं, अनुशासन होता है और उस नियत परम्परा में कुछ जनों की इकाई हित के आसपास जुटकर व्यूह में चलती है। उस इकाई के प्रति हर सदस्य अपना आत्मदान करता है, इज्जत खानदान की होती है। हर एक उससे लाभ लेता है और अपना त्याग देता है÷।

आज की भोगवादी संस्कृति ने उपभोक्तावाद को जिस तरह से बढ़ावा दिया है उससे बाहरी चमक-दमक से ही आदमी को पहचाना जाता है। यह बड़ा भयानक है। उससे ही अपसांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है और ये ही स्थितियां पारिवारिक बिखराव का बड़ा कारण बन रही है। वही आदमी श्रेष्ठ है जो संस्कृति को शालीन बनाये। वही औरत शालीन है जो परिवार को इज्जतदार बनाये। परिवार इज्जतदार बनता है तभी सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। उसी से कल्याणकारी मानव संस्कृति का निर्माण हो सकता है। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में स्वतंत्र बनाया जा सकता है इसी उद्देश्य को लेकर श्रद्धेय गणि राजेन्द्र विजयजी के मार्गदर्शन में सुखी परिवार अभियान चलाया जा रहा है। मेरी दृष्टि में इस अभियान के माध्यम से बदलते पारिवारिक परिवेश पर गंभीरता से चिन्तन-मनन हो रहा है और समय-समय पर पारिवारिक संरचना को सुदृढ़ बनाने के लिये प्रभावी प्रयत्न भी किये जा रहे हैं। हाल ही में गुजरात के बडोदरा एवं छोटा उदयपुर जिले के हजारों आदिवासी परिवारों में गणि राजेन्द्र विजयजी ने पारिवारिक सौहार्द का जो प्रशिक्षण दिया, उसके परिणाम भी सुखद रहे हैं। पारिवारिक सौहार्द के इस तरह के प्रयत्न हमारे परिवारों के लिये संजीवनी बन सकती है। इससे जहां हमारी परिवार परम्परा और संस्कृति को पुनः प्रतिष्ठापित किया जा सकेगा। वहां स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ चिन्तन की पावन त्रिवेणी से स्नात होने का दुर्लभ अवसर भी प्राप्त हो सकेगा। जब परिवार वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को आत्मसात करेंगे तभी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्याओं से मुक्ति मिल सकेगी। व्यक्ति से परिवार, समाज, राष्ट्र एवं विश्व मानवता का उन्नयन एवं उत्थान संभव है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनिरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। आज कोई महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लापरवाही का असर आपके रिजल्ट पर पड़ सकता है। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें। शाम को दोस्तो के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय जरुर लें। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी। कला के क्षेत्र से जुडे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

कर्क राशिः आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। आज आप अपने आपको काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने काम को समय पर पूरा करने में सफल होंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके हुये कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच में और प्रेम बढ़ेगा। छात्रों के लिये आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। किसी से लिया कर्ज आज वापस करेंगे। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे।

तुला राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज कम्युनिकेशन के वक्त अपनी बात सही तरह से रखना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप कॉन्फिडेंस के साथ एक नई शुरुआत करेंगे। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जाएंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आप अपने भाई-बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। आज अचानक आपके किसी रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाएंगे रखेंगे। आज बच्चों की किसी विशेष समस्या का हल मिलने से राहत मिलेगी। आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। कोई धार्मिक यात्रा संबंधी प्रोग्राम भी बन सकता है। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। आपके विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैलाने का काम कर सकते हैं आप उनको नजरंदाज करें और आगे बढ़ें।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने कार्यों की प्लानिंग कर लेंगे। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। मन मुताबिक सफलता मिलने से आज आपको खुशी मिलेगी। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं उनको ज्यादा लाभ होगा। जल्दबाजी में आकर किसी भी निर्णय को लेने से बचें। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। आज घर में किसी बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिलने से खुशी भरा माहौल बन जाएगा।

सुधीश पचौरी

# कम मतदान बना पहेली

आधा चुनाव हो चुका है। हर एंकर, रिपोर्टर, चुनाव विशेषज्ञ कहीं खुले कहीं छिपे 'कयास' लगाते रहते हैं कि कौन जीत रहा है-'एनडीए' कि 'इंडी' गठबंध? यों, अपना मनोबल बनाए रखने के लिए हर दल, हर नेता एक मनोवैज्ञानिक युद्ध भी लड़ रहा है। हर कोई अपने पक्ष को जीतता बताता रहता है।

इसलिए भी चुनाव विश्लेषणों में एक 'असमंजस' सा बना रहता है। ऐसे विश्लेषणों को देख एंकर तक अपनी 'चुनाव चरचाओं' का यही कहके अंत करते हैं कि इंतजार करें 4 जून को 'दूध का दूध पानी का पानी' हो होगा।

हमारी नजर में इस तरह के 'असमंजस' का एक बड़ा कारण 'मतदान का कम' होना है। 'चुनाव आयोग' के आंकड़े बताते हैं कि अब तक जितना मतदान हुआ है वह 2019 की अपेक्षा कम हुआ है। 'कम मतदान' किसको मदद कर रहा है, यह सवाल मीडिया में भी पहेली बना हुआ है। 'एनडीए' के पक्षधर कहते हैं कि 'एनडीए' तीनों चरणों में एक तिहाई से अधिक की सीट जीत चुका है और इसीलिए विपक्ष का बल्ब 'फ्यूज' नजर आता है। जवाब में 'इंडी' वाले कहते हैं कि 'लिखकर ले लो मोदी हार रहा है'। जाहिर है कि इन चुनावों का असली सवाल यही है कि वोट कम क्यों पड़ा? कुछ विश्लेषक मानते हैं कि 'कम मतदान' भाजपा के पक्ष में नहीं गया तो कुछ मानते हैं कि भाजपा के पास 'काडर' है, वो अपने वोटरों को बूथ तक ले आती है जबकि विपक्ष नहीं ला पाता क्योंकि उसके पास 'काडर' नहीं है।

'कम मतदान' के बारे में विपक्ष का कहना है कि लोग मोदी से नाराज हैं क्योंकि महंगाई है, बेरोजगारी है। इसलिए विपक्ष जीत रहा है। इसकी काट कई चुनाव विश्लेषक इस तरह करते हैं कि 'मंहगाई', 'बेरोजगारी' मुद्दे तो हैं लेकिन ये 'जनता की नाराजगी' में नहीं बदल रहे। 'जनता नाराज' होती तो वोट अधिक पड़ता। हमारे चुनाव विशेषज्ञ प्रायः'स्विंग विशेषज्ञ' रहे हैं। 'इस' या 'उस' ओर इतने प्रतिशत 'स्विंग हो तो इतनी सीटें इधर बढ़ेंगी या उधर बढ़ेंगी..' जैसे विश्लेषण के आदी रहे हैं लेकिन 'कम वोट पड़ा' यानी 'रिवर्स स्विंग' हुआ तो किसका वोट कम हुआ..', इसके विश्लेषण के आदी नहीं हैं। बहसों में वोट कम पड़ने के कई कारण बताए गए हैं- एक, 'तीखी गरमी' तो दूसरा, वोटिंग का 'शनि' या 'रवि' को होना है जबकि इन दो दिन शहरी लोग सैर-सपाटे के लिए बहर निकल जाते हैं। तीसरा कारण नेताओं का दल बदल है जिसके कारण वोटरों में निराशा है। चौथा कारण 'इंडी' दलों की सीटों का 'देर से बंदरबांट' है जिसके कारण 'वोट ट्रांसफर' नहीं हो पा रहा।

यों, एक तर्क यह भी है कि चुनाव में 'ध्रुवीकरण' की राजनीति हो रही है, इसलिए भी आम आदमी इधर या उधर कमिट नहीं करना चाहता और इसीलिए उत्साह से वोट डालने नहीं आ रहा। एक कारण यह भी बताया जाता है कि न सत्ता पक्ष के पास कहने या देने को कुछ नया है न विपक्ष के पास कहने या देने को कुछ नया है, इसलिए भी कम वोट पड़ रहा है। इसी तरह कुछ का मानना है कि चूंकि हर दल एक दूसरे को 'भ्रष्ट', 'चोर' और 'सांप्रदायिक' कहता है, और सबकी भाषा में वही 'हेट', वही 'गाली' और वही 'हिंसा' है, इसलिए भी वोटर छिटक गया है, उसका अपने नेताओं पर से यकीन उठ सा गया लगता है।

इन कारणों ने भी वोटरों में एक प्रकार का 'संशय' और 'सनकीपन' (सिनीसिज्म) पैदा किया है, इसलिए वे वोट डालने कम निकल रहे हैं। कुछ मानते हैं कि चुनावों के दो महीने से अधिक लंबा खिंचने ने भी लोगों में एक 'ऊब' और 'थकान' पैदा कर दी है। कुछ चुनाव विशेषज्ञ इस बार के चुनाव में 'युवाओं की हिस्सेदारी' के 'कम होने' पर विचार करते हुए कहते हैं कि वोट डालने के लिए बाजाप्ता रजिर्स्टड हुए कुल युवाओं में से मात्रा 17 फीसद युवाओं ने ही वोट डाला है, जो अपेक्षा से काफी कम है। इसका एक कारण बताते हुए वे कहते हैं कि चूंकि आज का युवा 'अति चंचल व्यक्तिवादी' (हाइपर इंडिविजुअलिस्ट) है, इसलिए वोट डालने में दिलचस्पी नहीं रखता। हमारा मानना है कि चूंकि आज के 'सोशल मीडिया' और 'साइबर तकनीक' ने उसे 'चौबीस बाई सात' के हिसाब से जरूरत से ज्यादा 'पॉलिटिक्स' देकर राजनीति से ही बुरी तरह 'उबा' दिया है, बोर कर दिया है, और इस तरह उसे 'अराजनीतिक' (एपॉलिटीकल) जैसा बना दिया है, इसलिए भी वह वोट डालने नहीं आता। चुनाव आयोग कोशिश कर रहा है कि वोटिंग बढ़े, इसके लिए वो विज्ञापन भी दे रहा है, जिसमें सेलीब्रिटीज लोगों से वोट डालने का आह्वान करते हैं। फिर भी वोट नहीं बढ़ रहा।

मीडिया

प्रियंका सौरभ

# बिना स्वतंत्र मीडिया के स्वस्थ लोकतंत्र को सुनिश्चित कर पाना संभव नहीं

**राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते राजनेताओं और मीडिया घरानों के बीच सांठगांठ के परिणामस्वरूप अक्सर पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग होती है और असहमति की आवाज़ों का दमन होता है। धमकियाँ और हमले- पत्रकारों को शारीरिक हिंसा, उत्पीड़न और धमकी का सामना करना पड़ता है, खासकर जब वे भ्रष्टाचार, मानवाधिकार उल्लंघन या सांप्रदायिक तनाव जैसे संवेदनशील मुद्दों को कवर करते हैं। कभी-कभी पत्रकारों को चुप कराने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए राजद्रोह, मानहानि और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम जैसे कानूनों का दुरुपयोग किया जाता है। मीडिया संगठन, विशेष रूप से छोटे संगठन, वित्तीय बाधाओं का सामना करते हैं, जिसके कारण पत्रकारिता मानकों से समझौता होता है और कॉर्पोरेट या राजनीतिक फंडिंग पर निर्भरता होती है।**



महात्मा गांधी का यह कथन कि ÷प्रेस की स्वतंत्रता एक अनमोल विशेषाधिकार है जिसे कोई भी देश त्याग नहीं सकता÷ आज के वैश्विक संदर्भ में दृढ़ता से प्रतिध्वनित होता है। भारत में, एक जीवंत और स्वतंत्र प्रेस न केवल संविधान में निहित एक मौलिक अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र की आधारशिला भी है, जो एक प्रहरी, सूचना का प्रसारक और विविध आवाज़ों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हालाँकि, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति विभिन्न चुनौतियों के कारण जांच के अधीन है। भारत में प्रेस स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति पर नज़र डाले तो भारत में एक विविध मीडिया परिदृश्य है जिसमें प्रिंट, प्रसारण और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं। हालाँकि यहाँ काफी हद तक स्वतंत्रता है, फिर भी प्रेस की स्वतंत्रता और अखंडता के संबंध में चिंताएँ उठाई गई हैं। सेंसरशिप, स्व-सेंसरशिप, राजनीतिक हस्तक्षेप और पत्रकारों पर हमलों की घटनाओं ने प्रेस की स्वतंत्रता के क्षरण के बारे में चिंता बढ़ा दी है। राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते राजनेताओं और मीडिया घरानों के बीच सांठगांठ के परिणामस्वरूप अक्सर पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग होती है और असहमति की आवाज़ों का दमन होता है। धमकियाँ और हमले- पत्रकारों को शारीरिक हिंसा, उत्पीड़न और धमकी का सामना करना पड़ता है, खासकर जब वे भ्रष्टाचार, मानवाधिकार उल्लंघन या सांप्रदायिक तनाव जैसे संवेदनशील मुद्दों को कवर करते हैं। कभी-कभी पत्रकारों को चुप कराने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए राजद्रोह, मानहानि और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम जैसे कानूनों का दुरुपयोग किया जाता है। मीडिया संगठन, विशेष रूप से छोटे संगठन, वित्तीय बाधाओं का सामना करते हैं, जिसके कारण पत्रकारिता मानकों से समझौता होता है और कॉर्पोरेट या राजनीतिक फंडिंग पर निर्भरता होती है। इंटरनेट ने मीडिया की पहुंच का विस्तार किया है, इसने गलत सूचना और फर्जी खबरों के प्रसार को भी बढ़ावा दिया है, जिससे पारंपरिक मीडिया आउटलेट्स की विश्वसनीयता कम हो गई है। यह बहुत शर्मनाक बात है कि हमारे जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की आजादी की स्थिति पर कोई खतरा मंडराये। इस




स्थिति के लिए किसी एक व्यक्ति या एक संस्था को जिम्मेवार मानना बहुत गलत होगा। लेकिन, इसके साथ ही यह भी सत्य है कि यह हमारे लिए आत्मचिंतन का समय है। यह आत्मचिंतन सरकारों को करनी है, नेताओं को करनी है, पत्रकार बंधुओं को करनी है, रिपोर्टरों को करनी है और खास तौर पर पत्रकारिता संस्थानों के मालिकों को करनी है, कि हम किस तरह की पत्रकारिता चाहते हैं। आज यह आत्मचिंतन का विषय है कि हम क्यों पत्रकार बने या आनेवाली पीढ़ियों में कोई क्यों पत्रकार बने। आज ये सवाल हमें अपने आप से पूछने हैं। साथ ही, किसी रैंकिंग आदि को देख कर यह समझना भी गलत है कि हम (प्रेस) बिल्कुल भी आजाद नहीं है। लेकिन, इतना सच जरूर है कि मीडिया में- खास तौर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में- आजकल खबरें कम, एजेंडा ज्यादा चलाया जा रहा है। यहीं आकर सबसे ज्यादा गलतियां होती हैं, क्योंकि खबरों को इकट्ठा करनेवालों पर संस्थान मालिकों का दबाव होता है। ज्यादातर तो मालिक ही संपादक होते हैं, जो एजेंडा चलाये जाने के जाल में फंस जाते हैं। दरअसल, एजेंडा चलाना आज के दौर में मीडिया का बिजनेस मॉडल है और यह मॉडल जब तक रहेगा, तब तक तो प्रेस पर सवाल उठते रहेंगे कि आखिर वह कितना आजाद है और उस पूंजी कितनी हावी है।यहां पर एक बात बड़ी महत्वपूर्ण हो जाती है। वह यह कि मौजूदा दौर की वेब पत्रकारिता यानी डिजिटल मीडया इस बिजनेस मॉडल से थोड़ी अप्रभावित है, क्योंकि इसे चलाने में कम खर्च होने के चलते इस पर दबाव कम रहता है। प्रेस की स्वतंत्रता को कायम रखने के संभावित उपाय देखें तो कानूनी सुधार से उन कानूनों को संशोधित या निरस्त करें जिनका उपयोग प्रेस की स्वतंत्रता को कम करने के लिए किया जाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी के साथ संरेखित हों। पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए धमकियों या हमलों का सामना करने वाले पत्रकारों को पर्याप्त सुरक्षा और कानूनी सहायता प्रदान करना तथा अपराधियों को जवाबदेह ठहराना होगा। मीडिया साक्षरता के माध्यम से प्रचार और गलत सूचना से विश्वसनीय जानकारी को पहचानने के लिए जनता को शिक्षित करने के लिए मीडिया साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना होगा। नैतिक पत्रकारिता हेतु मीडिया संस्थानों को पेशेवर नैतिकता और मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना, तथा ईमानदारी और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देना और स्वतंत्र मीडिया के लिए बाहरी प्रभावों पर निर्भरता कम करने के लिए स्वतंत्र मीडिया संगठनों को वित्तीय सहायता और नियामक समर्थन प्रदान करना कारगर उपाय होगा। महात्मा गांधी द्वारा मान्यता प्राप्त स्वस्थ लोकतंत्र के कामकाज के लिए स्वतंत्र प्रेस का अधिकार आवश्यक है। जबकि भारत में एक जीवंत मीडिया परिदृश्य है, प्रेस की स्वतंत्रता के लिए चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार, मीडिया संगठनों, नागरिक समाज और जनता के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। प्रेस की स्वतंत्रता को कायम रखकर, भारत अपने लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत कर सकता है और यह सुनिश्चित कर सकता है कि उसके नागरिकों की आवाज़ बिना किसी डर या पक्षपात के सुनी जाए।

एक नजर

## कलेक्टर ने बैठक लेकर की लंबित कार्यों की समीक्षा



**कांकेर, 15 मई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न समस्याओं से संबधित आवेदनों और लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने मौजूद सभी अधिकारियों से कहा कि वे लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें।कलेक्टर ने आज सुबह 10 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभागवार विभिन्न विषयों पर कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी हेतु पीडीएस बारदाने के एकत्रीकरण कार्य की जानकारी ली और बारदाने के भंडारण के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरआईडीएफ के तहत जिले के विभिन्न गोदाम निर्माण कार्यों की जानकारी ली और नोडल अधिकारी सीसीबी को लंबित निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनएच के अधिकारी से नंदनमारा में निर्माणाधीन पुल के निर्माण की भी जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। इसके अलावा बैठक में उन्होंने पेयजल की समस्या के निराकरण, स्कूल मरम्मत कार्यों की प्रगति, जिले में स्थापित सोलर पंपों के सत्यापन कार्य सहित आवास निर्माण की स्थिति, जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में बिजली बिल की बकाया राशि के भुगतान की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मण्डाधिकारी श्री हेमचंद पहारे, एडीएम श्री एस. अहिरवार, श्री बीएस उईके एवं श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## दो दिवसीय बस्तर प्रवास में रहेंगी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव

**जगदलपुर, 15 मई ।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारीक दो दिवसीय बस्तर संभाग के प्रवास में 16-17 मई को रहेंगे। उक्त प्रवास के दौरान 16 मई को शाम 05 बजे जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यकमों के कियान्वयन की समीक्षा भी करेंगी। जिसमें छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सड़को के विकास कार्यों, मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पंचायत संचालनालय के कार्य, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्य, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की समीक्षा की जावेगी।कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने उक्त बैठक हेतु संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा प्रमुख सचिव महोदया की अध्यक्षता में 17 मई सुबह 11 बजे से दन्तेवाड़ा जिला से संबंधित नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा की जावेगी।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

**महासमुंद 15 मई ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 0 से 5 वर्ष के बच्चों और विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक कैंप लगाने के निर्देश भी दिए। मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसान सम्मान निधि अंतर्गत लक्ष्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों को आवेदन करने के निर्देश दिए। इसी तरह एक हेक्टेयर से कम भूमि धारक किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिलाया जाए जिससे वे कम दर पर ऋण प्राप्त कर सके। इसके अलावा राशन कार्ड नवीनीकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को जून माह से दिव्यांगों के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में पात्र सभी दिव्यांगो के यूडीआईडी कार्ड बनाना है। इस तरह श्रम विभाग में भगिनी प्रसूति योजना अंतर्गत पेंडिंग आवेदनों को आचार संहिता हटने के पश्चात स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही वन अधिकार पत्रों का पोर्टल में शीघ्रता से एंट्री करने के निर्देश दिए।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद करा रही है बांध तालाब की सफाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोडागाँव, 15 मई।** नगर पालिका परिषद कोडागाँव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेद पात्रे के द्वारा नगर में लगातार स्वच्छता अभियान को लेकर पूरे नगर एवं चौक चौराहे, तालाब नाली कार्यालय रोड सार्वजनिक जगह में रात दिन स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूकता करते हुए नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने का प्रयास में लगे हुए हैं इसी स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में कोंडागांव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक और बड़ेराजपुर ब्लॉक में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत



स्वच्छता अभियान चलाया गया । कोंडागांव ब्लॉक में बंधा तालाब पार्क के अंदर और बाहर झाड़ू लगाया गया और तालाब में से 18



ट्रैक्टर जलकुंभी को निकाला गया द्य फरसगाँव ब्लॉक में गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अंदर और बाहर झाड़ू लगा कर साफ़ सफाई किया गया द्य बड़ेराजपुर ब्लॉक में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुरी के मैदान मे झाड़ू लगाकर साफ़ सफाई किया गया । इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे ने कहा कि नगर का सफाई हम सब का जिम्मेदारी है कर्तव्य है इसको बखूबी निभाने की जरूरत है, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा लगातार इस अभियान में हमारे साथ दे रहे हैं एवं अन्य संस्था संगठन के लोग भी इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं आने वाले समय में अन्य संगठन का भी सहयोग लेकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा इस अवसर पर सरंक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद फरसगाँव के ब्लॉक उपाध्यक्ष बलदेव नेताम और ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, बड़ेराजपुर ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बड़ेराजपुर के ब्लॉक अध्यक्ष चंदुलाल जैन, ब्लॉक उपाध्यक्ष रूपउ राम, ब्लॉक सचिव संतोष मरकाम, सदस्य राम कुमार मरकाम और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 450 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा 31 मई तक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 15 मई ।** जिला कलेक्टर श्री अनुराग पांडेण्य के निर्देशन मे जिले मे महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा 14 से 31 मई तक का आयोजन किया जा रहा है। यह पखवाड़ा जिले के स्वास्थ्य और स्वच्छता में उत्कृष्टता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से, माहवारी स्वच्छता एक मुख्य विषय के रूप में उठाया जा रहा है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिति में महत्वपूर्ण असर डालता है। इस पखवाड़े के अंतर्गत, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इस आयोजन में रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली, और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, माइकिंग, मुनादी, और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को



माहवारी के विषय में चुप्पी तोड़कर खुलकर बात करने के लिए बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। यह आयोजन समाज के हर वर्ग को महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को समझाने और इसमें सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य रखता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है महिलाओं के माहवारी समय में स्वच्छता, स्वास्थ्य, और जीवन गुणवत्ता को समझाना और इसे सामाजिक दृष्टिकोण से स्थायी बनाना। इसके माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के साथ ही, महिलाओं को माहवारी से संबंधित तथ्यों और विज्ञान को समझाकर, उन्हें अपने स्वास्थ्य की देखभाल में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस प्रयास के माध्यम से, समाज में माहवारी संबंधी मिथकों और टैबू को हटाकर, सामाजिक रूप से एक स्वस्थ और सशक्त महिला समाज का निर्माण किया जाएगा।

## बस-स्टैंड निर्माण के लिए आरक्षित भूमि में अवैध निर्माण रोक, अतिक्रमण हटाने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**बीजापुर।** सर्व-आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आमजनों की मिल रही समस्या को देखते हुए 20 पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय।तोंगपाल में बस स्टैंड का अभाव, मुसाफिरों के लिए एक शौचालय भी उपयोग में नहीं। बस-स्टैंड परिसर आस-पास कई लोग जगह-जगह पर अपना कब्जा किये हुए हैं। बैठक में उपस्थित रहे सर्व-आदिवासी समाज मदन नाग(तोंगपाल सरपंच), हड़मा मंडावी(सगुनघाट सरपंच), अर्जुन मरकाम(सौतनार सरपंच), जितेंद्र मंडावी(कनकापाल सरपंच), सुकुलधर नाग(मारेंगा सरपंच), महादेव वेट्टी(ताहकवाड़ा सरपंच), लच्छु कश्यप(उपाध्यक्ष कोया समाज), दिलीप मरकाम(जोन अध्यक्ष), चंदन कवासी(ब्लॉक सचिव), सुखमन नाग, देवा मरकाम, लक्ष्मण कोर्राम, एवं सदस्यगण साथ मिलकर बैठक में निर्णय किया गया साथ ही निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने बताया।

# शिक्षा अनमोल है, सफलता के लिए इसकी निरंतरता बेहद जरूरी:कलेक्टर

**कांकेर, 15 मई ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इसकी प्रावीण्य सूची में जिले के 09 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों और उनके पालकों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

जिला कार्यालय स्थित कम्पोजिट बिल्डिंग के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों एवं पालकों को कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में कांकेर जिले के विद्यार्थियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करना बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पालकों और विभाग के अधिकारियों ने काफी मेहनत की है। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि शिक्षा अनमोल है, जिसकी कीमत आंकी नहीं जा सकती। यह एक ऐसा धन है, जिसे जितना बांटोगे, उतना ही बढ़ेगा। शिक्षा से ही समाज और देश के बेहतर भविष्य का निर्धारण होता है, अतः इसकी निरंतरता से व्यक्ति सफलता की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाइश देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी कुछ अंक से चूक अथवा पिछड़ गए उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कामयाबी का मापदंड सिर्फ अच्छे अंक ही नहीं होते। इस अवसर पर उन्होंने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह,



मेडल तथा टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर के पूछे जाने पर किसी विद्यार्थी ने इंजीनियर, किसी ने डॉक्टर, किसी ने आईएएस अधिकारी तो किसी टीचर बनने की मंशा जाहिर की, जिस पर उन्होंने सभी को बेहतर भविष्य के लिए अपने निर्धारित लक्ष्य हासिल करने दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्प के साथ मेहनत करने की बात कही।

**प्रयास आवासीय विद्यालय के 04 विद्यार्थियों के नाम प्रावीण्य सूची में-**

कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के छात्र श्री मयंक कोर्राम और कु. पायल अधिकारी ने 97.67 प्रतिशत अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। इसी तरह इसी विद्यालय की कु. वर्षा साहू और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर की कु. तान्याश्री मढ़रिया ने 97.33 प्रतिशत के साथ 9वें स्थान और प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर की कु. मल्लिका मरकाम ने 97.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में दसवें स्थान पर रहीं। इसके अलावा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुड़गे की छात्रा कु. वेदिका निषाद ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में सातवें स्थान पर रहीं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोड़ा की कु. कंकना घरामी ने 95.4 प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर जगह बनाई। कु. कंकना वर्ष 2022 की प्रावीण्य सूची में कक्षा 10वीं में भी 97.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर 7वें स्थान पर रहीं। इसी तरह संस्कार वैली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर की कु. निधि गोगड़ ने 95 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में दसवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के श्री एल.आर. कुर्रे सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के पालक उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के विशेष पहल पर विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर में वृद्धि करने के लिए अनेक प्रयास किए गए। जिला से लेकर शाला स्तर पर फोकस करते हुए कई नवाचार किए गए। इसके परिणामस्वरूप कक्षा दसवीं में 09 हजार 124 विद्यार्थियों में से 05 हजार 136 प्रथम स्थान पर, 03 हजार 151 द्वितीय स्थान पर और 145 विद्यार्थी तृतीय स्थान पर सफलता हासिल की।

## एसी., कूलर लगाकर भाजपा कर रही शराब पिलाने की तैयारी:विनोद

**महासमुंद।** पिछले 5 वर्ष शराबबंदी के नाम पर नौटंकी करने वाले भाजपा ने सरकार बनते ही शराब में अकूत कमाई का रास्ता ढूंढ निकाला है। पहले शराब के एक पव्वे से लेकर बोतल में 10 से 200 रूपए तक की बढ़ोत्तरी कर 11 हजार करोड़ रूपए कमाई का लक्ष्य रखा। शराब के दामों में वृद्धि कर छग वासियों के जेब में डाका डाला। अब शराब बेचने के साथ एसी, कूलर लगाकर आहता के माध्यम से पीने की सुविधा देकर लोगों को शराब की आदी बनाने पर तुली हुई है। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने उक्त वक्तव्य भाजपा सरकार द्वारा शराब दुकानों के पास चखना सेंटर खोले जाने की योजना की निंदा करते हुए कही।

श्री चंद्राकर ने कहा कि शराब दुकानों में आहता खोलने से इसका बुरा असर लोगों पर पड़ेगा। शराब के शौकीन जो लोग दुकान से सीमित मात्रा में शराब खरीद कर चले जाते थे, वे आहता में बैठकर असीमित शराब का सेवन करेंगे। जिसका प्रभाव उनके घर परिवार पर पड़ेगा।

इसके अलावा छोटी-छोटी बात पर मारपीट सहित अन्य गंभीर अपराध शराब दुकानों के आसपास ज्यादा होता है। ऐसे में शराबियों की भीड़ आहता में रहेगी। जिससे विवाद, अपराधिक कृत्यों में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

समाचार संक्षेप

## 30 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया समर्पण



**बीजापुर, 15 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर किया समर्पण 9 माओवादियों पर 39.00 लाख का ईनाम है घोषित वर्ष 2024 में अब तक 180 माओवादी गिरफ्तार हुए है वही 76 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण मुन्ना हेमला ऊर्फ चन्दरू के विरूद्ध 18 एवं मुन्ना पोटाम के विरूद्ध 06 स्थाई वारंट है लंबित जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, स्ज्ञस्त्र एवं कोबरा 202, 210 केरिपु 168, 85, 222वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर निम्नलिखित माओवादियों ने आज दिनांक 14/05/2024 को उप महानिरीक्षक केरिपु, बीजापुर श्री एस0के0 मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222वी बटालियन केरिपु श्री विनोद मोहरिल, कमांडेंट, 85वी बटालियन केरिपु श्री व्ही0तुसिंग, कमांडेंट 168 बटालियन केरिपु श्री विक्रम सिंह, कमांडेंट कोबरा 202 श्री अमित कुमार, कमांडेंट कोबरा 210 श्री अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भैरमगढ़ श्री तारेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आवापल्ली श्री तिलेश्वर यादव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भोपालपटनम् श्री मयंक रणसिंह, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर श्री विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।1.मिटकी ककेम ऊर्फ सरिता पिता सन्नू उम्र 35 वर्ष,पदनाम- मिलिट्री कंपनी नम्बर 02 पीपीसीएम, ईनाम -8.00 लाख 2.मुरी मुहंदा ऊर्फ सुखमति ऊर्फ मनकी पिता धोगे उम्र 32 वर्ष, पदनाम- प्लाटून नम्बर 32 पीपीसीएम, ईनाम -8.00 लाख 3.रजिता वेट्टी ऊर्फ रामे पति मुदा उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया पदनाम- प्लाटून नम्बर 04 सदस्य, ईनाम 5.00 लाख4 देवे कोवासी पिता लच्छु उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया, पदनाम ङ्क प्लाटून नम्बर 32 सदस्य , ईनाम 5.00 लाख 5 सीनू पदम ऊर्फ चिन्ना पिता आयतू पदम उम्र 27 वर्ष् पदनाम- बलालियन नम्बर 01 सदस्य, ईनाम - 5.00 लाख 6.आयता सोढ़ी पिता हिड़मा उम्र 22 वर्ष, पदनाम- प्लाटून नम्बर 32 सदस्य, ईनाम 5.00 लाख 7.आयतु कारम पिता भीमा उम्र 50 वर्ष पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम 1.00 लाख 8.मुन्ना हेमला ऊर्फ चन्दु ऊर्फ चन्दरू पिता सोमलू उम्र 35 वर्ष पदनाम- पालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम ङ्क 1.00 लाख 9.आयतु मिड़ियम ऊर्फ वर्गेश ऊर्फ आम्बा पिता सुक्कु मिड़ियम उम्र 38 वर्ष पदनाम - केशकुतुल आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनाम - 1.00 लाख 10.सन्नू कारम ऊर्फ डोरा पिता आयतू कारम उम्र 24 वर्ष, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर 11.बामन कारम पिता बुधराम उम्र 22 वर्ष, पदनाम ङ्क डुमरीपालनार आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य 12.सुखराम कारम पिता सुकलू उम्र 36 वर्ष, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी, जनताना सरकार सदस्य 13.मनकू ताती पिता लच्छु ताती उम्र 35 वर्ष, पदनाम पालनार आरपीसी, जनताना सरकार सदस्य 14.मुन्ना पोटाम ऊर्फ मुकेश पिता सन्नू उम्र 40 वर्ष, पदनाम- पालनार आरपीसी, जनताना सरकार सदस्य 15.सन्तू हेमला पिता सन्नू हेमला उम्र 23 वर्ष पदनाम- सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य 16.राहूल हेमला ऊर्फ छोटू पिता लच्छू उम्र 25 वर्ष पदनाम- सावनार आरपीसी, मिलिशिया सदस्य 17.सुखराम ऊर्फ सुरेश कारम पिता सुकलू कारम उम्र 30 वर्ष, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य 18.मोटू हेमला पिता सुक्कु हेमला उम्र 27 वर्ष, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य 19.मोटू कवासी पिता भीमा कोवासी उम्र 27 वर्ष, पदनाम- डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य 20.रमेश हेमला पिता दशरू हेमला उम्र 22 वर्ष, पदनाम- भूमकाल मिलिशिया सदस्य 21.लक्खू कोरसा पिता आयतू कोरसा उम्र 25 वर्ष, पदनाम- जीआरडी सदस्य22.नंदु कुरसम पिता मंगलू कुरसम उम्र 21 वर्ष,पदनाम- पीएलजीए सदस्य 23.सोमलू कड़ती ऊर्फ दिवाकर पिता मंगलू कड़ती उम्र 40 वर्ष, पदनाम - पीएलजीए सदस्य 24.सोमलू ताती पिता लच्छु ताती उम्र 45 वर्ष पदनाम ङ्क पालनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य 25.संतोष पदम पिता मद्दा पदम उम्र 19 वर्ष, पदनाम- पीएलजीए सदस्य 26.गुडडी हपका पिता पाण्डू हपका उम्र 26 वर्ष 27.ज्योति लेकाम पति अर्जुन लेकाम उम्र 29 वर्ष, मुनगा आरपीसी केएमएमस सदस्य 28.सोनू कुड़ियम ऊर्फ गुटटा पिता स्व0 विज्जा उम्र 21 वर्ष, पदनाम सीएनएम सदस्य 29.राजेश कोरसा ऊर्फ बामन कोरसा पिता माण्डो उम्र 28 वर्ष, पदनाम संघम सदस्य 30.लखमू पल्लो ऊर्फ लखू पिता कईया पल्लो उम्र 30 वर्ष , पदनाम- मिलिशिया प्लाटून कमाण्डरसंगठन छोड़ने का कारणः-संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000-25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया ।

## भाजपा 400 के लक्ष्य को पार करेगी: खूबचंद

**राजनंदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख ने कहा कि भारत की राजनीति में वर्तमान दौर में हो रहे लोकसभा चुनाव के निर्णय से विश्व जगत में भारत की स्थिति तय करेगी। उन्होंने कहा कि आज दो विचारधाराओं की लड़ाई इस चुनाव में चल रही है। सकारात्मक विचारधारा के अनुसार मोदी जी 400 के आंकड़े को पार करते हुए 405 सीट लाकर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की दिशा की ओर अग्रसर होंगे और विपक्षी महा ठग गठबंधन की करारी हार होगी । पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि कांग्रेस को कोई भी काम अच्छा नहीं लगता। कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो कांग्रेस उसे अव्यवस्था आराजकता का शिकार बना देती है । देश आजाद हुआ 1947 में और देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो देश को समद्धि की ओर ले जाने के बदले देश को अव्यवस्था, आराजकता, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार की ढकेल दिया ।

### समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने दिए निर्देश

# पोषण आहार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन से कुपोषण स्तर को राज्य के मानक स्तर तक लाएं:प्रकाश

जगदलपुर, 15 मई । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने कहा कि जिले में अल्पवजन, बौनापन, दुर्बलता मामलों को पोषण आहार कार्यक्रम के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जाना है। इस हेतु महिला एवं बाल विकास के विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर राज्य के निर्धारित मानकों के स्तर तक लाना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले के परियोजनावार अल्पवजन, बौनापन, दुर्बलता के डाटा का भी समीक्षा किया और तोकापाल विकासखंड में किए गए कैपिसिटी बिल्डिंग कार्य को अन्य विकासखंडों में भी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन के प्रकरणों को बारिश से पहले सभी प्रकरण का निराकरण करने का प्रयास करें। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में नियद नेल्लानार



योजना के क्रियान्वयन की प्रगति,जन चैपाल के प्रकरण,जन शिकायत के प्रकरण,पी.जी पोर्टल और समय-सीमा के विभिन्न विभाग से संबंधित प्रकरणों का आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सर्वे ने बैठक में महतारी वंदन योजना के लाभांवित हितग्राहियों का जानकारी पोर्टल मे अद्यतन करने और आंगनबाडी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने का लक्ष्य को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा में महिला एवं बाल विकास विभाग के स्थानीय महिला स्वसहायता समूहों के द्वारा योजना का संचालन, किचन गार्डन विकसित करने पर पोषण वाटिका का विकास, कृषि विभाग के पी.एम किसान सम्मान निधि, ई-केवाएसी की स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने शिविर आयोजन के आधार पर प्रगति, केएमएस 2014-15, 2015-16 के किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन की समीक्षा किया गया। सीईओ श्री सर्वे ने सहकारिता विभाग से कृषक परिवारो एवं वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों को नवीन केसीसी जारी करने हेतु अभियान चलाकर कार्य को प्रगति देनें कहा। उन्होंने खरीफ वर्ष 2024 हेतु बीज की भण्डारण और किसानों की मांग की स्थिति का संज्ञान लेते हुए बीज भंडारण और वितरण समय पर करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अप्रारंभ स्वीकृत कार्य की राशि वापसी हेतु जानकारी एसडीएम कार्यालय को प्रेषित कर जनपद स्तर पर प्रयास करें।

बैठक में सामाजिक सहायता कार्यक्रम में संचालित पेंशन योजनाओं में आधार नंबर अपडेट करवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनातर्गत प्रगति, ऋण वितरण की स्थिति, जल जीवन मिशन फेस 02 में सोलर ड्यूल पम्पों की स्थापना, जल प्रदाय योजना की स्थिति, पीडीएस दुकान भवन और आंगनबाडी भवन निर्माण की भौतिक प्रगति, एफआरए के लाभार्थियों, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रों की ऑनलाईन प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति, एफआरए पट्टाधारक मृत व्यक्तियों का प्रकरण दर्ज कर नामांतरण की कार्यवाही, एफआरए पट्टा वितरण की स्थिति की समीक्षा किया गया। साथ ही सांसद-विधायक निधि के कार्यो की प्रगति की समीक्षा, स्वास्थय विभाग के द्वारा गर्भवती महिलाओं को रिफरल प्रकरण की स्थिति, सिकलसेल, सघन मोतियाबिंद सर्वे, चिरायु योजना, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, खाद्य विभाग के राशन कार्डो की स्थिति, पीडीएस दुकानों से रिकवरी की स्थिति, ई-पॉस मशीन द्वारा की गई ई-केवाएसी की प्रगति, ई-श्रम में पजींकृत व्यक्तियों का राशनकार्ड निमार्ण सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### कलेक्टर ने बच्चों और जनजाति के लोगों का आधार कार्ड बनाने के दिए निर्देश



**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 0 से 5 वर्ष के बच्चों और विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक कैंप लगाने के निर्देश भी दिए। मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसान सम्मान निधि अंतर्गत लक्ष्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों को आवेदन करने के निर्देश दिए। इसी तरह एक हेक्टेयर से कम भूमिधारक किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिलाया जाए, जिससे वे कम दर पर ऋण प्राप्त कर सके। इसके अलावा राशन कार्ड नवीनीकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को जून माह से दिव्यांगों के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में पात्र सभी दिव्यांगो के यूडीआईडी कार्ड बनाना है। इस तरह श्रम विभाग में भगिनी प्रसूति योजना अंतर्गत पेंडिंग आवेदनों को आचार संहिता हटने के पश्चात स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही वन अधिकार पत्रों का पोर्टल में शीघ्रता से एंट्री करने के निर्देश दिए। वहीं विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व अधिकारियों को स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक लेकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पुराने अनुपयोगी सामग्रियों का नियमानुसार अपलेखन करना भी सुनिश्चित करें। बैठक में सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

### पालिका ने प्रतिबंधित पालीथिन पर फिर दिखाई सख्ती



**महासमुंद,15 मई।** मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन की टीम ने शहर गोलबाजार स्थित छोटे-बड़े दुकानों में दबिश दी और बाजार में बिक रहे प्रतिबंधित पॉलीथिन के साथ डिस्पोजल गिलास को जब्त की। पालिका टीम ने जब्ती की कार्रवाई के साथ ही दुकानदारों के खिलाफ चलानी कार्रवाई भी की। पालिका की कार्रवाई से गोल बाजार के थोक व चिल्हर व्यापारियों में हड़कम्प मंचा गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार को प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ धरपकड़ अभियान की फिर से शुरुआत की। कार्रवाई के लिए गठित टीम ललित चन्द्राकर के नेतृत्व में पुनः शुरू हुए अभियान में गोलबाजार से प्रतिबंधित प्लास्टिक, डिस्पोजल गिलास जब्त किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श ने बताया कि आज प्रशासन ने तीन दुकानों से बड़ी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक गिलास, चम्मच के पैकैटो की जब्त की हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शासन की मंशा के अनुसार प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से चेतावनी देते हुए कहा कि कार्रवाई से बचने के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन का व्यापार पूरी तरह बंद कर दे। कार्रवाई में ललित चन्द्राकर, दिलीप चन्द्राकर, खेमराव बंजारी, जितेन्द्र मोहंती, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, मोहनदास मानिकपुरी, अजय घृतलहरे अन्य शामिल रहे।

### रायगढ़ स्टेडियम में प्रारंभ हुआ तीरंदाजी प्रशिक्षण

**रायगढ़, 15 मई।** रायगढ़ स्टेडियम अपने बहु संख्यक खेलविधा के लिए जाना जाता है ऐसे में रायगढ़ स्टेडियम में तीरंदाजी का प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया गया है। तीरंदाजी हेतु श्री हरिओम शर्मा, नेशनल मेडलिस्ट द्वारा सायं 4 से 7 बजे तक बच्चों को तीरंदाजी अभ्यास कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्टेडियम में अत्याधुनिक मशीनों वाला मल्टी जिम जिसमें महिलाओं के लिए 300 रुपये एवं पुरूषों हेतु 500 रूपये मासिक शुल्क के साथ अनुभवी पुरूष एवं महिला कोच, ग्रीष्म काल में तैराकी प्रशिक्षण हेतु स्वीमिंग पुल में अनुभवी कोच एवं बैडमिंटन, योगा, क्रिकेट, कथक, तायकाण्डो, किक बॉक्सिंग, फुटबाल, हॉकी, बास्केट बाल, वालीबॉल, स्केटिंग जैसे खेल एकेडमियां संचालित है।



यहां खिलाड़ी अपने खेल विधा में अभ्यास कर पारंगत होते है।

# 35 वर्षों से चना, मुर्रा, पापड़ी, भजिया बेचकर पैसा बचा भागवत करा रही मान कुंवर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/पांडुका, 15 मई।** आज के आधुनिक समय में लोग अपने कमाई का हिस्सा अपने स्वयं के आधुनिक सुख सुविधाओं में खर्च करते हैं तथा समाज में कुछ कम लोग ही होते है।जो धार्मिक आयोजन का विचार करते है । और धर्म का काम करने में रुचि रखते हैं पर ग्राम पोंड के 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला मान कुंवर जो गांव के बाजार में पिछले लगभग 35 सालो से पापड़ी चना मुर्रा और भजिया बेचकर पाई पाई जमा कि और अपने नाती नातिन की शादी कराई फिर सांसारिक जीवन में अपनी जिम्मेदारी निभाने के बाद इन दिनों गांव में श्री मद भागवत कथा का आयोजन करवा रही है गांव के साप्ताहिक बाजार जो मंगलवार और शनिवार को लगता है उसमें लगभग 35 वर्षों से यह बुजुर्ग महिला पैसा जमा कर धर्म के कार्य को बढ़ाते हुए श्रीमद् संगीत में भागवत का आयोजन करवा रहे हैं।जिसका आयोजन 9मई से 17 मई तक होना है। कथा का भगवताचार्य पंडित सुरेंद्र महाराज जी सोरम (धमतरी वाले) के श्री मुख से श्री मद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का रसपान कराया जा रहा है।इस आयोजन में मुख्य आयोजन मानकुंवर धीवर है तथा समस्त कोसरिया परिवार वा ग्राम वासियों का सहयोग मिल रहा है।और मुख्य यजमान के रूप में मानकुंवर के बेटा होरीलाल तारक धर्म पत्नी उषा बाई, छोटा बेटा कुशल राम धर्म पत्नी टीलाबाई , साथ ही उनके नाती सहित भेमन तारक पत्नी दुर्गा तारक ,तामेश्वर तारक पत्नी पुष्प तारक, टिकेश्वर तारक संगीता तारक है इसी तरह पूरे तारक परिवार द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन कलश यात्रा, बेदी पूजा , गौ कर्ण पूजा के साथ पंडित भगवताचार्य द्वारा





अपने श्री मुख से भगवान श्रीमद् भागवत मंगलाचरण, सुखदेव परीक्षित जन्म सहित कपिल चरित्र ध्रुव कथा ,प्रिय व्रत चरित्र ,भरत चरित्र गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन राम ,कृष्ण जन्म सहित मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव ,पूतना उद्धार एवं माखन चोरी की लीलाएं का वर्णन किया गया इसी तरह 17 मई तक होने वाले इस आयोजन में महारास , कंश उद्धार ,रुक्मणी विवाह, श्री सुदामा चरित्र सहित परीक्षित मोक्ष और तुलसी वर्षा और गीता उपदेश के साथ विष्णु यज्ञ के अलावा 17 मई को पूर्ण आहुति की जाएगी यह जानकारी देते हुए भेमन तारक ने बताया कि दादी अपने जीवन में थोड़ा थोड़ा पैसा इकट्ठा कर यह आयोजन करवा रहे हैं जिसका लाभ हमारे पूरे। धीवर परिवार को मिलेगा क्योंकि भगवान की कृपा से ही यह संभव हो पाया और दादी की मेहनत का परिणाम है कि हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।। और इस भीषण गर्मी में लोग श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास के गांव के लोग पहुंच रहे हैं कथा का आयोजन दोपहर 12 बजे से लेकर हरिच्छा तक चलता है।

## नन्हें कदम सनातन की ओर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,15 मई।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा-खरसिया के द्वारा धर्म की नगरी खरसिया में पहली बार सनातन धर्म की निःशुल्क क्लास लगाई गई। 12 मई को क्लास की शुरुवात हुई जिसमें मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष श्रीमति राधा शर्मा जी रही। श्याम कुटुंब से मुकेश जी और पूनम अग्रवाल जी ने पुष्प माला पहना कर रायगढ़ से पधारे श्री रानू महराज जी का स्वागत किया। समिति अध्यक्ष श्रीमति रितु अजय बंसल जी ने शॉल और श्री फल से महराज जी का स्वागत किया और नगर अध्यक्ष राधा जी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। समिति सचिव रीना गर्ग कोषाध्यक्ष संगीता नूतन अन्नू गर्ग, शारदा मंत्री,मीनू मित्तल रेखा गर्ग अंजू नरेश हेमा अग्रवाल बाकी सभी ने पुष्प गुच्छ से महाराज जी का स्वागत किया अध्यक्ष श्रीमति रितु अजय बंसल ने जानकारी दी कि नन्हे कदम सनातन की ओर मतलब छोटे बच्चों को अपने धर्म की ओर ले कर जाना उनका एक सपना था और काफी लंबे समय से वह ये सोच रही थी इसको साकार करने का। समिति के बाक़ी सभी सदस्यों, श्याम कुटुंब परिवार एवं नगर के छोटे बच्चों की सहायता से यह चार दिवसीय प्रोग्राम को सफल बनाने की कोशिश जारी है।प्रथम दिवस की क्लास में लगभग 55 बच्चो ने हिस्सा लिया उम्मीद है ये संख्या आगे और बढ़ती जाएगी। समिति का मानना है कि जिस प्रकार एक बड़े छाँवदार वृक्ष बनने कि लिए उसकी जड़ो की पकड़ की मज़बूती ज़रूरी है, ठीक उसी प्रकार, धर्म की पकड़ के लिए छोटे बच्चों की धर्म के प्रति नींव मज़बूत होनी ज़रूरी है। भविष्य में भी समिति के द्वारा सनातन धर्म के प्रचार के लिए अन्य प्रोग्रामों का आयोजन ज़रूर किया जाएगा।

### कांग्रेस की सरकार बनी तो सहारा निवेशकों की लौटाई जाएगी एक-एक पाई : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मोदी के गारंटी के नाम पर बड़े-बड़े जुमले हांकने वालों का दावा आज हर क्षेत्र में फ्लॉप साबित हो रही है। जुमलेबाज सरकार ने पिछले 10 साल तक केवल देश की जनता को गुमराह किया। चाहे वह युवाओं को रोजगार देने के नाम पर हो, महंगाई कम करने की बात हो या फिर सहारा निवेशकों को उनकी गाढ़ी कमाई की राशि लौटाने की बात हो। श्री चंद्राकर ने कहा कि विगत वर्ष जुलाई 2023 में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहारा रिफंड पोर्टल लाँच कर 45 दिनों में देश भर के 10 करोड़ निवेशकों की राशि लौटाने की बात कही थी, लेकिन आज 10 माह बीतने के बाद भी निवेशकों को उनकी राशि नहीं मिल पाई।चंद्राकर ने कहा कि देश भर के 10 करोड़ निवेशकों को ढाई लाख करोड़ लौटाई जानी है। जिसमें महासमुंद जिले के लगभग डेढ़ लाख निवेशक शामिल हैं। इन निवेशकों ने सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से विगत जुलाई-अगस्त 2023 को 10 माह पूर्व अपनी परिपक्वता राशि की सकुशल वापसी के लिए आवेदन किया था, लेकिन पीड़ितों को आज तक राशि नहीं मिली। इसके अलावा प्रदेश भर के लगभग 8 से 10 लाख निवेशकों के लगभग 85 हजार करोड़ रूपए सहारा कंपनी में फंसा है। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए रिफंड पोर्टल का लाभ प्रदेशवासियों को नहीं मिल पा रहा है। इसलिए उक्त प्रणाली को बंद कर सीधे सहारा इंडिया का कार्यालय हर जिले में पुन- खोलकर बांड का सत्यापन कर राशि लौटाई जानी चाहिए। कई निवेशक ऐसे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उनके परिवार जनों को राशि लौटाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिससे पीड़ित परिवारों को अपनी मेहनत की राशि मिल सके।चंद्राकर ने कहा कि सेबी के पास 25 हजार 700 करोड़ की राशि निवेशकों को भुगतान के लिए रखा गया है। प्रथम किश्त में 10-10 हजार के रूप में 5 हजार करोड़ पोर्टल के माध्यम से लौटाने की योजना बनाई गई।

## मेधावी छात्रा होनिशा साहू का सीईओ एवं संयुक्त कलेक्टर ने सम्मान किया



**राजिम, 15 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98.83त्न अंक प्राप्त कर कोपरा (भेंडरी )निवासी कु. होनिशा साहू सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा ने छत्तीसगढ़ में दूसरा स्थान एवं गरियाबंद जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ -साथ पूरे गरियाबंद जिला का नाम रोशन किया।उनके इस उपलब्धि पर रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत गरियाबंद) नवीन भगत संयुक्त कलेक्टर, बुद्धविलास सिंह सहायक जिला परियोजना अधिकारी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते एवं उनके माता पिता को भी दिए.वहीं आदिवासी बाहुल्य जिला गरियाबंद को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने का भरसक प्रयास किया गया। प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर होनिशा साहू ने बताया कि उनके माता पिता खेती किसानी का कार्य करते है. उन्होंने आगे कहा कि वह सिविल सर्विसेस में जाना चाहती है उसका सपना है कि वह डिप्टी कलेक्टर बने.इसी को लक्ष्य मानकर वे सकारात्मक सोंच रखते हुए आत्मविश्वास के साथ मेहनत कर रही है।

### जनशताब्दी एक्सप्रेस से हथकड़ी लगे दो अपराधी फरार

**रायगढ़, 15 मई।** भूपदेवपुर रेलवे क्षेत्र से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। दरअसल रेलवे पुलिस की गिरफ्त में आए दो शातिर अपराधी चलती हुई जनशताब्दी एक्सप्रेस से कूदकर फरार हो गए है। दोनों अपराधियो के हाथों में हथकड़ी लगी हुई है बताया जाता है कि कि रायगढ़ से बिलासपुर कोर्ट में पेश करने दोनों अपराधियो को ले जाया जा रहा था । भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन के स्लो होते ही दोनों आरोपी कूदकर फरार हो गए।

## तेंदुआ खाल मामले का आरोपी अब भी फरार

■ नोटिस का जवाब देने भी कोई नहीं आया, फिर से नोटिस भेजने की तैयारी

**रायगढ़, 15 मई।** पिछले दिनों कोतरा रोड स्थित शर्मा गली में रहने वाले एक व्यवसाई के घर में वन अमला ने दबिश दी थी और तेंदुआ खाल व पिस्टल बरामद किया था। इस मामले में अब भी आरोपी के फरार होने से विभागीय कर्मियों के हाथ खाली हैं। सिर्फ नोटिस भेजकर जवाब मांगा जा रहा है। पहले नोटिस में कोई जवाब देने भी नहीं आया तो रिमायंडर नोटिस की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक दो मई को सत्तीगुड़ी चैक समीप स्थित शर्मा गली में रहने वाला आकाश वर्मा के घर से तेंदुआ का खाल जब्त किया गया था। इसके बाद से आकाश फरार है। मामले में विभाग द्वारा वन्यप्राणी सरंक्षण अधिनियम के तहत अपराध कायम कर मामले की विवेचना की जा रही हैए लेकिन आरोपी को अब तक पकडने् में विभाग असफल है। बताया जा रहा है कि पूर्व में नोटिस देकर नौ मई को जवाब देने के लिए उपस्थित होने कहा गया थाए पर विभाग के नोटिस को भी हल्के में लिया गया और कोई जवाब देने नहीं पहुंच सका। ऐसे में अब फिर से नोटिस देने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।



#### मामला काफी गंभीर है

इस मामले का लेकर जब हमने एक्सपर्ट व्यू के तौर पर रिटायर्ड एसडीओ पीएस पटेल से चर्चा कियाए तो उनका कहना था कि जो तेंदुआ खाल बरामद किया गया उसका केमिकल परीक्षण यहां वनकर्मियों को खुद करना था। ताकि प्रारंभिक तौर पर स्पष्ट हो जाए कि यह तेंदुआ का ही खाल है। इसके अलावा आरोपी की धरपकड़ के लिए विभाग के बड़े अधिकारी को टीम बनाना चाहिए। ताकि फरार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दिया जा सके और सबसे महत्वपूर्ण बात कि जब आकाश वर्मा के घर से जब्त किया गया, तो स्वतंत्र गवाह आसपास के लोग का बयान लेना जरूरी है। मामला गंभीर है क्योंकि तेंदुआ का शिकार हुआ और शहर के बीच उसका खाल व एक पिस्टल एक घर में वन विभाग ने बरामद किया।

#### मामला जांच में डीएफओ रायगढ़

आरोपी अभी फरार है। मामले में जांच चल रही है। जो भी संदिग्ध है उनसे पूछताछ की जा रही है। एक नोटिस दिया गयाए लेकिन जवाब नहीं है तो दूसरा नोटिस भेजा जा रहा है।

#### क्या कहती हैं वन परिक्षेत्र अधिकारी

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती लीला पटेल का कहना है कि तेंदुआ खाल का सैंपल देहरादुन भेजा गया है। इस मामले के लिए कोई अलग से टीम नहीं बनाया गया है, पर मामले जांच की जा रही है। पहले नोटिस में नौ मई को उपस्थित होकर जवाब देने कहा गया था, पर कोई नहीं आया। अब दूसरी बार जल्द नोटिस भेजा जाएगा।

## मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर



**रायगढ़, 15 मई।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए आगामी 4 जून को होने वाले मतगणना हेतु गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यहां विधान सभावार मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। जिसका आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, एआरओ रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक आवाजाही हेतु कॉरिडोर में बेरिकेटिंग एवं आवश्यक सुरक्षा संबंधी व्यवस्था समेत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने विधानसभावार बनाये गये मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतगणना कक्ष में व्यवस्थित तरीके से तार की जालियां लगाने एवं बाहर से बेरिकेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विधान सभाओं के लिए स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष में मशीनों के मूवमेंट हेतु आवश्यक बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रॉन्ग रूम से निकलने वाला व्यक्ति गणना कक्ष में पहुंचते तक सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहें, इस दौरान उन्होंने मतगणना के दौरान गणना कक्ष में सीसीटीवी के डिस्प्ले लगाने संबंधी निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रत्याशियों एवं गणना अभिकर्ता के आवाजाही को सहज बनाने सुरक्षा बलों के साथ विधान सभाओं के गणना कक्ष के अलग प्रवेश द्वार तथा अन्य विधान सभाओं के कॉरीडोर में बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने स्ट्रॉग रूम की आवाजाही का निरीक्षण करते स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने मीडिया सेंटर के संबंध में जानकारी ली। केआईटी कॉलेज परिसर में भवन के सामने मीडिया सेंटर के साथ उद्घोषक कक्ष बनाया जाएगा, जहाँ पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया को मतगणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने स्ट्रॉन्ग रूम के सीसीटीवी कैमरों के लगातार किए जा रहे डिस्प्ले का अवलोकन किया। गौरतलब है कि स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी सुरक्षा बलों के साथ सीसीटीवी से अनवरत की जा रही है। जिसका डिस्प्ले राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और आम जन के अवलोकन के लिए टीवी में लगातार डिस्प्ले किया जा रहा है, अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता अथवा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि निर्धारित स्थल पर 24×7 उपस्थित रह सकते हैं।

## गायड़बरी में मुरूम चोरों का राज, जहां मन लगा सीना ठोककर कर रहे हैं चोरी

- पूरी सड़क चोरी के मटेरियल से तैयार
- खनिज विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर अपने जिम्मेदारी से झाड़ रहे पल्ला
- कोटवार की सेवा भूमि खुदाई में अब तक कोई कार्रवाई नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/पाडुंका,15 मई ।** विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत गायडबरी में पिछले कुछ माह से गांव के किसानों के खेतों में लगभग 20 फीट तक चैन माउंटेन की मदद से मुरम मिट्टी निकाले जा रहे हैं। इस मुरम का उपयोग पास में ही बनने वाले एडीबी प्रोजेक्ट के सड़क निर्माण में लगाया जा रहा है।जो मुड़ागांव से पांडुका तक बन रहा है। बता दे कि जब से यह निर्माण कार्य चालू हुआ इस मार्ग में तब से गांव के तालाब ,किसानों के खेत ,वन अधिकार पट्टा की जमीन, काबिल कास्त जमीन,कोतवाल की सेवा भूमि और सरकारी जगह को बुरी तरीके से खोदा जा रहा है जहां से मिट्टी और मुरम



का उत्खनन बिना किसी अनुमति पीट पास ,रॉयल्टी न कोई नियम कानून बिना किसी आदेश के किया जा रहा है। साथ ही किसानो के इन खेतों में बड़े-बड़े फलदार पेड़ पौधे भी लगे हुए हैं जिसे जड़ से ऊखड़ा जा रहा है ग्राम सांकरा की कोटवार की सेवा भूमि में अवैध रूप से खुदाई करने के बाद अब गाय डबरी में कुछ किसानों के खेतों में यह अवैध खनन किया जा रहा है।जिले के राजस्व विभाग और खनिज विभाग की गहरी निद्रा में होने की वजह से यह अवैध खनन निरंतर जारी है अगर खनिज एवं राजस्व विभाग चाहे तो करोड़ों रुपए के रायल्टी अवैध तरीके से खोदे गए स्पाट की मुल्याकंन कर संबंधित ज़मीन मालिक एवं अवैध तरीके से खनन करने वाले माफिया से वसूली की जा सकती है पर संबंधित विभाग के अधिकारी केवल सरकारी डीजल जलाने एवं आफिस का शोभा बढ़ाने तक सीमित है कहीं न कहीं बड़े नेताओं के आशिर्वाद के कारण चोरों का मार्केट अच्छा खासा चल रहे हैं जिस पर लगाम लगाने वाला कोई नहीं है यही वजह है कि यह पूरा सड़क का निर्माण चोरी के मटेरियल से हो गया है जिससे जिला प्रशासन को लाखों रुपए की रॉयल्टी की हानि हुई है। पर शासन के नुमाइंदों को किसी प्रकार की कोई सरोकार नहीं होने की वजह से शासन को लाखों करोड़ों रुपए के चूना लगा है और आगे भी यह लोग चूना लगा रहे हैं।रायपुर कि यह कंपनी जब से सड़क निर्माण का कार्य अपने हाथों में ली है तब से अवैध मुरम, मिट्टी एवं बोल्डर पत्थर का इस्तेमाल खुलम खुला कर सड़कों में खापा रहे है। ना तो इस और जाने क्या कारण हैं जिले का खनिज ,राजस्व,वा वन विभाग कार्रवाई करने के लिए दिलचस्पी दिखा रही है।और जिले प्रशासन की मूक दर्शक बने बैठे हुए है।और सड़क का कार्य अब पूर्ण होने वाले है। अब इस प्रकार हुए अवैध मिट्टी ,मुरम खनन व बोल्डर तुड़ाई खनन को लेकर जिले के कुछ पत्रकारों की टीम इन विभागों के उच्च कार्यालय में शिकायत करने वाले हैं जिससे कोटवार की सेवाभूमि ,वन अधिकार पट्टा,काबिल कास्ट जमीन मे खुदाई और किसानो द्वारा बिना अनुमति के अपनी जमीन की 20 फीट तक कैसे खुदाई करवाई किस नियम के तहत निर्माण कंपनी ने यहां खुदाई की इन सब बिंदुओ पर शिकायत की जाएगी और मौजूदा सरकार से जांच की मांग की जाएगी संबंधित किसानों से इस खनन पर बात करने पर बताया कि मिट्टी डालने के वादे पर खोदने दिया गया है ।

# 1 अंतर्राज्यीय चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 15 मई।** उपरोक्त प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए चोरी की इन सिलसिलेवार घटनाओं को रोकने एवं आरोपी चोर को पकड़ने हेतु श्री अमरेश मिश्रा पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र रायपुर महोदय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश ठाकुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन एवं मार्गदर्शन में घटनास्थल का जांच कार्यवाही, टेक्निकल इंट के आधार पर चोरी के आरोपियों का पता तलाश प्रारंभ किया गया। इन सभी मामलों का खुलासा करने के लिए श्री आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा, निरीक्षक अमित पाटले एवं निरीक्षक योगिताबाली उप निरीक्षक प्रियेश जान प्रभारी साइबर सेल के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण एवं भाटापारा शहर की विशेष पुलिस टीम का निर्माण किया गया। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत चोरी में पकड़े गए पूर्व आरोपियों का रिकॉर्ड खंगालने के सांथ-सांथ, घटनास्थल के आसपास घटना दिनांक या उससे पूर्व आने-जाने वाले एवं घूमने वाले लोगों के संबंध में भी सड़क मार्ग तथा आसपास भवनों में लगे फुटेज का अवलोकन किया जा रहा था।

पुलिस टीम के लगातार प्रयासों एवं गहन छानबीन द्वारा चोरी करने वाले एक अंतरराज्जीय चोर संतोष कुमार राठौर को पकडा गया है। यह चोर बहुत ही शातिर किस्म का है, जो कि सूने मकान की रेकी कर रात के समय मौका पाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। इस आरोपी के विरुद्ध उड़ीसा राज्य में कुल 08 अपराध दर्ज है। इसके साथ ही इस आरोपी को जिला रायपुर के थाना सरस्वती नगर में वर्ष 2022 एवं थाना खमतराई में वर्ष 2023 में भी चोरी के मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस प्रकार इस अंतरराज्जीय चोर के विरुद्ध चोरी के कुल 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से मनोवैज्ञानिक एवं कड़ाई से पूछताछ करने पर थाना भाटापारा ग्रामीण एवं भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत चोरी के कुल 05 मामलों का खुलासा किया गया है। आरोपी का मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसमें उसने चोरी करना एवं चोरी का माल आरोपी अक्षय कुमार वर्मा को बेचना स्वीकार किया गया किया। आरोपी चोरी का माल एवं इससे मिले पैसों से आलीशान जिंदगी जी रहे थे। आरोपियों द्वारा मंहगे साधनों एवं भोग विलासिता के कई साधन चोरी से मिले पैसों से खरीदे गए थे, इनकी यही विलासता भरी जिंदगी इन आरोपियों को पकड़ने में पुलिस की सबसे बडी मददगार बनी। पुलिस द्वारा इन आरोपियों से सोने चांदी के जेवर, गलाया गया सोना कीमती लगभग ?8,46,600 बरामद करने में सफलता मिली है। चोरी करने वाला आरोपी बहुत शातिर है। वह सुने की रेकी कर, रायल इनफील्ड बाईक से घटनास्थल में आता था तथा केवल लोहे के राड से मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देता था। आरोपी से चोरी में इस्तेमाल दो लोहे का राड तथा मोटर सायकिल जप्त किया गया है। सभी प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भारत भूषण पठारी, आरक्षक गोपाल पाल, अजय यादव, अभिनव चौबे, यशवंत यादव, अरविंद कौशिक, थाना भाटापारा शहर से प्रधान आरक्षक भूखन वर्मा आरक्षक उमेश वर्मा, विजय शंकर ठाकुर, लोरिक शांडिल्य, दिनेश कुमार नेतम, राम स्नेही, दुर्गेश साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध महुआ शराब सहित 3 को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 15 मई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार, द्वारा जिले में चलाए जा रहे सभी प्रकार के नशे के खिलाफ, विशेष अभियान सृजन के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास एवं सहायक उप निरीक्षक सुनील खूंटे के निर्देशन में थाना गिधौरी एवं चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। मुखबिर से सूचना मिली कि भैंसामुडा सबरिया डेरा एवं गिरौदपुरी में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर, शराब कोचियों द्वारा बिक्री की जा रही है। की सूचना पर थाना गिधौरी एवं चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 03 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल ?9200 कीमत मूल्य का 46 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना गिधौरी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। शराब कोचियों की धरपकड़ में प्रधान आरक्षक नरेश खूंटे, आर. सुजीत तम्बोली, विजय मिलन एवं चौकी गिरोधपुरी से प्रधान आरक्षक जितेंद्र साहू, आर. लखेश्वर पुरैना, एवं महिला आरक्षक कंवरिया पैकरा का विशेष योगदान रहा। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### चारभांठा हाईस्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**चारामा 15 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा



परिणाम में शासकीय हाईस्कूल चारभांठा का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। संस्था मे कुल 27 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था और सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है जिसमें से 21 विद्यार्थियों ने प्रथम, 05 विद्यार्थियों ने द्वितीय तथा 01 विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। संस्था की छात्रा कुमारी प्रियंका निषाद सर्वाधिक 91.83 प्रतिशत अंको के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफ्ल रही। कुमारी प्रियंका निषाद को उसकी सफ्लता के लिए संस्था के प्रभारी प्राचार्य विजय कोसरिया, व्याख्याता श्रीमती आरती रामटेके, व्याख्याता तुमेश कुमार सिन्हा, व्याख्याता पुरूषोत्तम साहू, व्याख्याता तिलोक चंद्राकर सहित पूरे स्टाफ एवं शाला विकास समिति ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लोगो,मोनो निर्माण के लिए स्वेच्छिक प्रस्ताव 25 मई तक आमंत्रित

**धमतरी 15 मई।** जिले के पर्यटन क्षेत्रों को प्रोत्साहित, प्रसारित एवं इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लोगो/मोनो-टी शर्ट, कॉफी मग, पानी बॉटल, बांस का फोटो फ्रेम, चाबी रिंग आदि में डिजाईन का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिले के इच्छुक व्यक्ति, संस्था, फर्म के माध्यम से प्रस्ताव आगामी 25 मई तक आमंत्रित किया है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें थीम के रूप में धमतरी के पर्यटन स्थल होगा तथा लोगो/मोनो का डिजाईन प्रभावी एवं आकर्षक होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति, संस्था, फर्म द्वारा लोगो/मोनो को जिला पंचायत स्थित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), में नियत तिथि तक जमा किया अथवा ई-मेल स्ह्यड्डद्द-स्द्वह्ल.ष्द्गद्घ1.द्बठ्ठ एवं वॉट्सएप नंबर 94241-24502 तथा 98933-78716 पर भी भेजा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रस्तावों का संकलन कर जिला स्तरीय समिति द्वारा उत्कृष्ट लोगो/मोनो डिजाईन का चयन कर पर्यटन क्षेत्र में उपयोग किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म नाचा में कई बड़े चेहरे शामिल



**रायपुर 15 मई।** फिल्म का मुहूर्त 12 मई को हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। इस फिल्म के निर्माता निर्देशक महेश चंद्राकर हैं जो छत्तीसगढ़ और बॉलीवुड के दिग्गेज गज कोरियोग्राफर मे से एक हैं, फिल्म के अंदर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध अभिनेत्री अनिकति चौहान, महेश चंद्राकर के साथ मख्य भूमिका में नजर आएँगी। छत्तीसगढ़ के होनहार युवा कलाकार जिन्होंने बॉलीवुड टॉलीवूड लीव पड के कई रियल्टिटी शो में प्रतिभागिता ली है और कई विनर भी बने हैं, अभिनय करते नजर आएंगे, जिनमे मुख्य रूप से डांस प्लस प्रो के विनर रितेश पॉल , सुपर डांसर के फर्स्ट् रनर उप लक्ष्मण साथ ही साथ ऋतिक , कल्प्रिता लावण्या , लवनीत जैसे सेलिब्रिटीज नजर आएंगे। नए होनहारो के साथ संजय महानंद पुष्पेंद्र सिंह , अनुराधा दुबे जैसे दिग्गज कलाकार भी एक साथ नजर आने वाले है। इस फिल्म में वेस्टर्न डांस कै साथ ही छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों का तड़का देखने मिलेगा छत्तीसगढ़ के तमाम लोकनृत्य जैसे पंथी, राउत नाचा , गेड़ी, सूआ इस फिल्म के अंदर नज़र आएंगे।

इस फिल्म के निर्माता निर्देशक महेश चंद्राकर और इस फिल्म के एक्सिक्यूटिव प्रोड्सर यशिका वैष्णव के साथ इस फिल्म के प्रोजेक्ट हेड हैं पूरन किरी जो की बॉलीवड और छत्तीसगढ़ के कई फिल्मो में उनका योगदान रहा है, फिल्?म के एसोसिएट निर्देशक ज़ैदी इम्तियाज ( ज़ैद-ए -हिम), और क्रिएटिव हेड रोहित श्रीवास्तव हैं, फिल्?म का छायांकन गौरव सदौरिया के द्वारा किया जायेगा। यह फिल्म छत्तीसगढ़ के दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगा, इस फिल्म की कहानीज़मीन से जडी हुई है, हमेशा दर्शको की शिकायत होती है की छत्तीसगढ़ी सिनेमा में छत्तीसगढ़ी कल्चर को उस तरीके से नहीं दिखाया गया है जितना दिखाया जाना चाहिए था, पर इस फिल्म के अंदर छत्तीसगढ़ी कल्चर को एक नए अंदाज में ले कर आ रही है टीम नाचा, जो छत्तीसगढ़ी गीत , नृत्य, त्यौहार, खेल कूद आदि समस्त परम्पराओ का संगम होगा।यह फिल्म एक पारिवारिक फिल्म होगी जिसे जल्द ही बड़े परदे पर देखा जा सकेगा।

फिल्म नाचा के निर्देशक महेश चंद्राकर जो विगत 24 वर्षों से डांस विधा में कार्यरत हैं, अपनी प्रतिभा के बल पर उन्होंने परे भारत वर्ष में अपने राज्य और अपने शहर का डंका बजवाया है , इन्होने वर्ष 2008 में सपनो की नगरी मुंबई की और एक सपने के साथ रुख किया और वह वहां सपनो को परा करने के ही सफर में जा मिले रेमो डिसजा सर से, और उनके सानिध्य में पिछले 3 वर्षो से कार्य कर रहे हैं, भारत में बनने वाली पहली डांस फिल्म के लेखन से लेकर थिएटर तक महेश चंद्राकर ने साथ काम किया। साथ ही साथ फ्लाइंग जट फिल्म में भी इन्होने बतौर अभिनेता कार्य किया, ये ही नहीं बल्कि रेमो सर के डायरेक्शन में बनने वाली प्रत्येक फिल्म में उन्होंने रेमो सर के साथ कार्य किया। अब वो लेकर आ रहे हैं छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म नाचा जिसके लेखन की शुरुआत 6 वर्षो पहले शरू हो चुकी थी ,और अब इंतजार है इस फिल्म के परदे पर आने का।

स्लो पाइजन से कम नहीं होता, उसी तरह जब कोई डांसर किसी बड़े स्टेज पर नाम करके वापस आता है तो आने के कछ समय पश्चात उसके सामने आगे क्या करे का सवाल बसे पहले आता है, और उन्हें होती है मौके की तलाश, मंचो पर अपने हर से लाखो लोगो से तालिया बटोरने के बाद इन्हे बड़े परदे पर आने की चाहत होती हैं पर मौका न मिलने की टीस सबके दिलो में रहती है, और इसी टीस को महसूस करके इस फिल्म में उन तमाम डांसर्स को मौका दिया गया है जिन्हे कभी बड़े परदे पर आने की चाहत थी।

### निगम परिसर में शोक सभा

**दुर्ग 15 मई।** नगर पालिक निगम राजस्व विभाग मे कार्यरत कर्मचारी श्रीमती कल्पना मनहरे सहा0 राजस्व निरीक्षक का कार्यालयीन समय दोपहर में आकस्मिक स्वर्गवास जिला अस्पताल दुर्ग मे हो गया है। निगम परिसर में अधिकारियों एवम कर्मचारियों द्वारा दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए की गई प्रार्थना।श्रीमती कल्पना मनहरे के निधन के कारण आज नगर निगम परिसर में शोक रहा। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु नगर पालिक निगम कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखा गया तथा मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। इस दौरान शौक सभा मे सहायक अभियंता जितेंद्र समैया,आरके पलिया,संजय ठाकुर,दुर्गेश गुप्ता,जावेद अली,राज कमल बोरकर,रमाकांत शर्मा,थानसिंह यादव,शुभम गोइर,अनिल सिंह,संजय मिश्रा,चंदन मनहरे,ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव,तारा पाटिल,हेमलता वर्मा,साक्षी वर्मा,किरण अग्रवाल,लव कुश शर्मा,प्रिंसी सिंह के अलावा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### पोस्टमार्स्टम ऑनलाईन करने वाला प्रदेश का पहला जिला बना धमतरी

**धमतरी 15 मई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर पोस्टमॉर्टम ऑनलाईन करने वाला धमतरी जिला प्रदेश का पहला जिला बन गया है। बीत 6 मई से शुरू हुआ ऑनलाईन पोस्टमार्टम सिस्टम के तहत जिला अस्पताल धमतरी सहित सिविल अस्पताल नगरी और कुरूद एवं मगरलोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऑनलाईन पीएम के लिए मैप किया गया है। साथ ही पोस्टमार्टम करने वाले 43 डॉक्टरों को पोर्टल में मैप किया गया है। गौरतलब है कि इसमें शव परीक्षण की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाईन किया गया है।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-17(बीरगांव)तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

दिनांक 14-05-2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स इंडसस्मेल्टर्स द्वारा संचालक ललित कुमार पिता नत्थूलाल सिंघानिया निवासी समता कालोनी, रायपुर (छ.ग.) की ग्राम सरोरा प.ह.न. 89 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-17(बीरगांव) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2/3शा. 2/4,2/5, 2/7, 2/11, 4/1, 4/2, 4/3, 4/4, 4/5, 4/6, 5/1, 5/2, 5/3,13/3, 13/4, 14/1,14/4, 27/3, 27/4, 6/1, 6/2, 6/3, 6/4, 9, 10, 25/1, 25/2, 26, 27/1, 27/2, 86/1 कुल रकबा 9.326हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक 1 क/वाचक/तह./2023-24 आदेश दिनांक 21-12-2023 के परिपालन में दिनांक 24-05-2024 को समय 12:00 PM बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 89, सरोरा के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
रायपुर -17 (बीरगांव)


### भूजल स्तर एवं भूजल संबंधी विषयों पर तीन दिवसीय कार्यशाला की हुई शुरुआत

**धमतरी 15 मई।** जिले में लगातार गिरते हुए भू जल स्तर एवं भू जल से सम्बंधित विषयों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, केन्द्रीय जल बोर्ड द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थानीय स्तर पर भूजल प्रबंधन के सम्बंध में तीन दिवसीय द्वितीय कार्यशाला की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है कई हिस्सों में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। हर साल यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे-तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाये बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति नागरिक उदासीन हो जाते हैं। आज आयोजित इस कार्यशाला में आप सभी को जल संरक्षण के संबंध में जो बातें बताई जायेंगी, वह आपको मैदानी स्तर में कार्य करने में सहायक होंगी।

# राजस्व मंत्री का ओडिशा के विधानसभा में कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सीधा संवाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 15 मई।** उड़ीसा प्रांत के बीरमित्रापुर विधानसभा के शक्तिकेंद्र प्रतापपुर की बैठक में छ्त्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा ने बुथ स्तर के कार्यकृताओं को केंद्रसरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी को बीजेपी के पछ मेंअधिक से अधिक मतदान करवाने की अपील कीं ! इस के अंतर्गत बीरमित्रापुर विधानसभा के शक्तिकेंद्र जगदीशपुर की बैठक में छ्त्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा जी ने बुथ स्तर के कार्यकृताओं को केंद्रसरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी को बीजेपी के पक्ष मेंअधिक से अधिक मतदान करवाने की अपील कीं बीरमित्रापुर विधानसभा के शक्तिकेंद्र बंकिभाल की बैठक में छ्त्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा ने बुथ स्तर के कार्यकृताओं को केंद्रसरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी को बीजेपी के पक्ष मेंअधिक से अधिक मतदान करवाने की अपील कीं ! बीरमित्रापुर विधानसभा के शक्तिकेंद्र काराचू की बैठक में छ्त्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा ने बुथ स्तर के कार्यकृताओं को केंद्रसरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी को बीजेपी के पक्ष मेंअधिक से अधिक मतदान करवाने की अपील कीं विधान सभा में बूथ से लेकर शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं के बीच है बूथ में मंत्री बीजेपी को जिताने कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन कर रहे है पिछ्ले कुछ दिनों से विधान सभा के गावों में तूफानी दौरा कर रहे स्थानीय कार्यकर्ता विधान सभा उम्मीदवार के साथ रायपुर ग्रामीण के महामंत्री अनिल अग्रवाल भी प्रचार में जुटे है राजस्व मंत्री जी से ग्रामीण और कार्यकर्ता जोश से स्वागत करते है।

### चैतुरगढ़ के जंगल में मिली दुर्लभ छिपकली गिको

**कोरबा, 15 मई ।** कटघोरा वन के पाली वन क्षेत्र के चैतुरगढ़ के निकट जंगल में दुर्लभ प्रजाति की छिपकली पाई गई है। छिपकली को देखने के लिए राहगीरो का जमावड़ा लगा रहा। जैव विविधता से भर जिले के वन क्षेत्र में अक्सर दुर्लभ प्रजाति के जीव जंतु मिलने की खबरे आती रहती हैं। सोमवार को तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान लोगों की नजर एक विचित्र छिपकली पर पड़ी। मौके पर उपस्थित लोग इसकी मोबाइल में तस्वीर लेने लगे। कुछ देर के बाद छिपकली जंगल की ओर ओझल हो गया। वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने छिपकली का नाम गिको बताया। उन्होने बताया कि यह भारत के कई वन क्षेत्रों में पाया जाता है। यह शिकार के लिए रात में निकलते हैं।

# व्यापारियों का सहयोग ना मिलने से इंदिरा चौक के करीब सड़कें हर समय रहती हैं जाम

■ **गोदाम व ट्रांसपोर्ट के सामने बडे वाहन खड़े होने से होता है जाम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 15 मई।** प्रशासन की तमाम कोशिशो के बाद भी शहर की बाधित यातायात व्यवस्था सुधर नही पा रही। पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाने के लिए व्यापारियों से सहयोग की उम्मीद करी थी,परंतु पुलिस की सोच के अनुरूप व्यापारियों से उन्हे सहयोग नही मिल पा रहा। बडे व्यापारियों के गोदाम एवं माल आने जाने वाले शहर के भितर स्थित गोदाम के सामने बडी वाहन के खडे रहने से हर समय सडक जाम दिखायी दे रही है,इंदिरा चौक के करीब रायगढ रोड मे सडक किनारे बडे व्यापारियों की दुकान के अलावा इस मार्ग मे स्थित कुछ ट्रांसपोर्टरो की बडी वाहन सडक किनारे खडी करने से जाम की स्थिती बन रही है,आज दोपहर लगभग 12 बजे के करीब इंदिरा चौक से तीनो मार्ग मे लगभग डेढ सौ से भी उपर वाहनो का जाम लग गया। इस जाम का कारण इंदिरा चौक से कुछ ही दूरी पर स्थित व्यापारियों की दुकान के सामने वाहन खडा होना था,बढते जाम को देखने के बाद यातायात प्रभारी जे.आर.कुर्रे एवं कुछ जवानो ने मोर्चा तो संभाला परंतु आधे घंटे से भी अधिक देरी तक जाम खुल नही पाया था। इंदिरा चौक शहर का हदय स्थल है,यही से तीनो प्रमुख मार्गो की सडके कटी है,इस जगह पर बडे एवं छोटे व्यापारियों की लगभग 100 से भी अधिक दुकाने संचालित होती है,ऐसे मे दुकान के सामने खडी होने वाली वाहन जाम का कारण बनती है। पिछले दिनो जिला पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्थानीय रेस्ट हाउस मे बैठक लेकर व्यापारियों से कुछ इसी तरह के सहयोग लेने की बात कही थी। उनके द्वारा व्यापारियों को दुकान के बाहर सामान ना सजाने एवं छोटी बडी वाहनो को दुकान के बाहर लंबे समय तक ना खडे रहने देने की अपिल की थी,परंतु पुलिस प्रशासन को इस तरह का कोई भी सहयोग नही मिल रहा।।

पार्किंग की जगहो पर अतिक्रमण-ःशहर का सबसे पुराना इंदिरा चौक से 500 मीटर उत्तर,पूर्व एवं दक्षिण दिशा मे रायगढ स्टेट हाईवे एवं नेशनल हाईवे की दो सडके विभाजीत हुयी है,ऐसे मे शहर के अंदर की सडको पर छोटी बडी वाहनो का दबाव बेहद अधिक रहता है। यहा का अधिकांश मार्केट भी इन तीनो सडको के उपर ही बसा है,ग्राहक दुकान मे सामान लेने के दौरान सडक किनारे खडे कर देते है,उनके पास पार्किंग की कोई जगह नही है,शहर के भितर कुछ शासकीय भूमि है,जिसमे पार्किंग बनायी जा सकती है,परंतु वहा अतिक्रमण हो चुका है।।

पुलिस ने की कार्यवाही शुरू-ःयातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने अब कार्यवाही शुरू कर दी है। यातायात प्रभारी जे.आर कुर्रे ने बताया कि दिन मंगलवार को शहर के भितर यातायात बाधित करने वाली यहा वहा खडी अनेक वाहनो को लॉक कर जुर्माना की कार्यवाही की गयी। उनका कहना था कि उच्च अधिकारीयों से निर्देश के अनुसार अब आगे और कठोर कार्यवाही की जायेगी।



## समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की

# कलेक्टर ने समय में काम करने,सीमांकन में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,15 मई ।** कलेक्टर के एल चौहान ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने कहा की अब अधिकारी कर्मचारी चुनावी मोड से बाहर आकर अपने अपने विभागों में चल रहे योजनाओं में तेजी लाएं। श्री चौहान ने शासन से प्राप्त निर्देश पर सभी स्कूलों में समर कैंप लगाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए है इसके लिए शीघ्र ही 2 दिनों में विस्तृत रोड मैप बनाने कहा गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने आज सीमांकन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए है। उन्होंने दो टूक कहा की राजस्व संबधित शिकायते बहुत मिलती है अतःसभी राजस्व अधिकारी विशेष अभियान चलाकर प्राप्त आवेदनो का शत प्रतिशत निराकरण समय सीमा के भीतर करे। साथ ही बैठक में आज जिले के कुछ गांवों में चिन्हाकित ग्रीष्मकालीन पेयजल की समस्या के बारे में भी जानकारी ली गई साथ ही निस्तारी हेतु पानी उपलब्ध कराने के निर्देश संबधित अधिकारी को दिए है। उन्होनें आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल,सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर,डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख सभी सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित रहें।

## एक नजर

### दीक्षा चौबे भारत कीर्ति व आयुष कीर्ति अलंकरण से सम्मानित



**रायपुर 15 मई।** अंतर्राष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच तंजानिया द्वारा 11 मई को दिल्ली के एनएमडीसी कन्वेंशन हॉल में विश्व कीर्तिमान स्थापित ग्रंथ भारत को जानें व आयुर्वेद को जानें का लोकार्पण किया गया। दोनों ग्रंथों में दोहे व चौपाई छंदों में देश-विदेश के विभिन्न चुने हुए श्रेष्ठ साहित्यकारों द्वारा लेखन किया गया। दोनों ही ग्रंथों में दुर्ग छत्तीसगढ़ की साहित्यकार डॉ. दीक्षा चौबे ने समन्वयक और रचनाकार के रूप में अपनी सहभागिता प्रदान की, जिसके लिए उन्हें भारत-कीर्ति और आयुष-कीर्ति अलंकरण से सम्मानित किया गया। दोनों ग्रंथों को छंदबद्ध, सूचनात्मक काव्यात्मक विशिष्ट सरंचना होने के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, स्पेन बुक ऑफ ऑफिशियल वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड इत्यादि विश्व कीर्तिमान मिले हैं। ज्ञात हो कि डॉ. दीक्षा चौबे व्याख्याता हिंदी व छत्तीसगढ़ी दोनों भाषाओं में कहानी, कविता, गीत, लघुकथा, बाल रचनाएं लिखतीं हैं, उनकी रचनाएं विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती हैं और आकाशवाणी रायपुर से कहानियों का प्रसारण होता है, उनके कई एकल व साझा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

### दैनिक मनन के महत्व पर व्याख्यान



**रायपुर 15 मई।** मसीही लेखकों व साहित्यकारों का सम्मेलन शनिवार को राजधानी में प्रेयर टॉवर में आयोजित किया गया। इसमें समाजिक पतन व वर्तमान परिस्थितियों को लेकर चिंता जताई गई। कार्यक्रम के आयोजक ह्दय स्पर्शी पत्रिका व परिवार वेदी के संपादक पादरी राजेश गार्डिया थे। मुख्य वक्ता प्रयागराज यूपी के पादरी उदित सोना थे। मुख्य अतिथि समाजसेवी व सेंट पॉल्स कैथेड्रल पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल और अध्यक्षता जीसस कॉल के प्रमुख डॉ. आशीष चौरसिया ने की। दिवंगत लेखिका प्रतिमा पटेल को श्रद्धांजलि दी गई। गारंटी विषय पर परिचर्चा पर धमतरी के अरनी रॉबर्ट्स ने अपनी बात रखी। पादरी सुबोध कुमार तिल्दा ने कविता पाठ किया।पादरी सोना ने लेखकों व पाठकों के लिए दैनिक मनन के महत्व पर व्याख्यान दिया। सम्मेलन में लेखकों ने महसूस किया कि परिवार और समाज के बीच की बढ़ती खाई को पाटना होगा। इंफर्मेशन और टेक्नालाजी के जमाने में विश्व भले ही वैश्विक गांव बन गया हो, लेकिन लोगों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। वॉट्सएप पर भले ही सैकड़ों दोस्त हो, लेकिन परिवार के लोगों के बीच ही संवाद कम होने लगा है। ऐसी परिस्थिति में लेखकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। लेखन से लोगों को जोड़ना होगा। मानवीय रिश्तों में संवेदनशीलता व मजबूती लानी होगी। जब तक परिस्थिति सामान्य न हो कलम के केंद्र में केवल परिवार और परिवार ही होना चाहिए। इसके सकारात्मक नतीजे भी आने की उम्मीद है। जब परिवार जुड़ेगा तो समाज जुड़ेगा। समाज मजबूत होगा तो प्रदेश व देश तरक्की करेगा। सम्मेलन में पादरी राजेश गार्डिया रायपुर, पादरी सुबोध कुमार तिल्दा, पादरी एचके पटेल रायपुर, पादरी इम्मानुएल पाइक व विमला पाइक बसना, पादरी डॉ. अनिल कुमार रायपुर, गीतेश कुमार व मधुशीला गुहा भिलाई, अर्नी रॉबर्ट्स व ओशीन लाल धमतरी, आलोक कुमार तांडी, भावना मसीह व शोभा जीनस चांपा, सीमा लाल, जिम्स कश्यप, एसके गिर, विनिता गिर, डॉ. आशुतोष लाल, अनीता गार्डिया रायपुर शामिल हुए।

### भाठागांव बस स्टैंट में यात्रियों के लिए तैयार हो रहा गेस्ट हाउस

**रायपुर 15 मई।** बस यात्रा करने वाले यात्रियों को रायपुर के भाठागांव स्थित बस स्टैंड में ठहरने की सुविधा जल्द मिलने वाली है. इससे दूर-दराज से रायपुर आने वालों को रुकने में कोई परेशानी नहीं होगी. बस से यात्रा करने वालों को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए भाठागांव बस स्टैंड में गेस्ट हाउस तैयार किया जा रहा है. मंगलवार को कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह गेस्ट हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे. इस दौरान नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा भी मौजूद रहे. अधिकारियों को गेस्ट हाउस का संचालन जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं. बस स्टैंड से न केवल प्रदेश के दूर-दराज के जिलों के लिए बल्कि दूसरे प्रदेशों के लिए भी बसें चला करती हैं.

### छगन लाल मुंदड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर 15 मई।** ओडिशा लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व राज्यमंत्री छगन लाल मुंदड़ा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है. छत्तीसगढ़ से ओडिशा जाने वाले भाजपा पदाधिकारियों की सूची में उन्हें शामिल किया गया है. सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष राज्यमंत्री छगन लाल मुंदडा, वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज खुडिया के साथ बरगढ़ लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप पुरोहित एवं झारसुगगुडा विधानसभा प्रत्याशी टंकधर त्रिपाठी का चुनाव प्रचार करेंगे। बता दें कि भाजपा संगठन के वरिष्ठ नेता छगन लाल मुंदड़ा रायपुर जिला अध्यक्ष होने के साथ-साथ संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

# आचार संहिता खत्म होने के बाद होगा कैबिनेट विस्तार: नेताम

## निगम-मंडलों में भी होगी शीघ्र नियुक्तियां

**रायपुर 15 मई।** निगम मंडल में नियुक्तियों को लेकर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का बड़ा बयान सामने आया है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चार चरणों का मतदान खत्म होने के बाद छत्तीसगढ़ के सियासी गलियारे से बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद साय कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद निगम मंडलों में भी नियुक्तियां तेज हो जाएंगी। मंत्री राम विचार नेताम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद निगम मंडल की नियुक्ति होगी। पूर्व सांसद, रू और पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।



हालांकि इस संबंध में पार्टी और संगठन के वरिष्ठ नेता मिलकर निर्णय लेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम और कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के पांच सीट जीतने के दावे को लेकर कहा कि कांग्रेस के सारे मुगालते दूर हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी के चेहरे और गारंटी में विश्वास जताया है। 11 की 11 सीट हम जीतेंगे। विष्णु देव सरकार के काम की पूरे देश में चर्चा है। दूसरी ओर लोकसभा चुनाव 2024 में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की जीत तय मानी जा रही है और कयास लगाया जा रहा है कि वो मंत्री पद से इस्तीफा देंगे। अगर बृजमोहन अग्रवाल मंत्री पद से इस्तीफा देते हैं तो साय कैबिनेट में दो नए मंत्रियों के लिए जगह बन जाएगी, क्योंकि पहले साय कैबिनेट में एक पद खाली है। ऐसे में साय कैबिनेट में आचार संहिता के बाद दो नए चेहरों को जगह मिल सकती है।




रायपुर 15 मई। बुजुर्ग हमारी धरोहर नामक नुक्कड़ नाटक का आज प्रदर्शन किया गया। नाटक में संदेश दिया गया है कि घर के बुजुर्ग को कभी भी वृद्धाश्रम में न छोड़े। ये हमारी धरोहर हैं।

# महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को तीसरी किश्त नहीं मिली: कांग्रेस

**रायपुर 15 मई।** महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को तीसरी किश्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वोट लेने के लिये मुख्यमंत्री तीसरी किश्त की राशि के संबंध में घोषणा किया था लेकिन महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आया है। सरकार बतायें महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त कितने महिलाओं के खाते में डाला गया? भाजपा सरकार ने पहली और दूसरी किश्त देने के बाद महिलाओं को तीसरी किश्त नहीं दे रही है। तीसरी किश्त देने का केवल बयानबाजी की गयी है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार जिन महिलाओं के खाते में तीसरी किश्त डाली गयी है उनका नाम सार्वजनिक करें।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, लोकसभा चुनाव के पहले सभी महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आया, आगे आयेगा इसकी कोई गारंटी नहीं है। लोकसभा चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना बंद हो जायेगी इसकी गारंटी है। विष्णुदेव साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ़्फ़ाज़ी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश के 1 करोड़ 4 लाख महिला मतदाताओं में से अधिसंख्यक महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नही हुआ है। 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलायें पूरी तरह से ठगी गई, यही नहीं जिन्हे पात्र बताया उनका पैसा भी खातों में अब तक नही आये। ऐसे हितग्राहियों की बड़ी संख्या है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने सरकार बनते ही महिलाओं के खाता में 1 हजार रु. महीना ट्रांसफर करने का वादा किया था, दिसंबर माह में साय सरकार का गठन हो गया है और अभी जनवरी-फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई 5 माह हो चुका है और मात्र दो महीने की 2000 रु. राशि महिलाओं को दी गई है। यह महिलाओं के साथ धोखा और छल है। प्रदेश के 75 प्रतिशत महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साय सरकार महतारी वंदन योजना में छल कपट खेल बंद करे, उनका उपहास न उड़ाये बल्कि सीधा 5 महीने की बकाया 5000 रु. की राशि खाता में जमा कराये।

# अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम पर कार्यशाला 16 मई को

**रायपुर 15 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की मिटिंग प्रदेश कार्यालय में हुई । जिसमें कैट द्वारा दिनांक 16 मई को शाम 4:00 बजे में अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।




राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम कार्यशाला का आयोजन 16 मई को चैम्बर भवन, बाम्बे मार्केट में किया जा रहा है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अग्निशमन विभाग के श्री अजातशत्रु बहादुर सिंह जी, (भा.पु.से.) निर्देशक ट्रेनिंग ऑपरेश, अग्निशमन एवं आपातकालीन होगें। साथ ही श्री अनिमा एस. कुजूर जी, संभागीय सेनानी, एसडीआरएफ एवं अग्निशमन, श्री एस. जी. मोहम्मद जी, वरिष्ठ तकनीकी अग्निशमन अधिकारी, एवं श्री पुष्पराज सिंह जी जिला अग्निशमन अधिकारी रायपुर के द्वारा अग्निशमन दुर्घटना में जनजागरण सुरक्षा संबधी जानकारी देकर प्रदर्शन करके दिखाया जायेगा। उपरोक्त कार्यशाला में शहर के सभी व्यापारिक एवं उद्योग संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेगें। मिटिंग में उपरोक्त कार्यशाला को सफल बनाने हेतु कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों को कार्यो का आबंटन किया गया है। सभी पदाधिकारियों ने अपने कार्यो को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की जिम्मेदारी ली है। बैठक में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह , भरत जैन, विजय पटेल, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश खिलोसिया, नरेश कुमार पाटनी, सतीश श्रीवास्तव, मोहन वर्ल्यानी, नागेन्द्र तिवारी, दीपक विधानी, सुरेश वासवानी, सुशील कुमार लालवानी, राकेश लालवानी, अमित गुप्ता, मनीष कुमार सोनी, रतन सिंह, नरेश कुमार, मुकेश झा, प्रकाश माखीजा, बी.एस. परिहार, आदि।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**रायपुर 15 मई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन लाल पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने व निजात अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से बिक्री करने शराब रखे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई ! मुखबिर से सूचना मिला की बंधवा पारा जीएस सुपर बाजार के पास में एक व्यक्ति जो अपने हाथ में एक सफेद रंग की प्लास्टिक की थैला में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए रखा है मुखबिर के बताए अनुसार घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर आरोपी को पकड़ तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से 32 पौवा देशी मंदिरा मसाला कुल 5.760 बल्क लीटर कीमती 3520 रुपए रखे मिला जिसे जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 211/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया व न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा!

# संस्कृत विद्यामंडलम् के नतीजे घोषित

**रायपुर 15 मई।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव श्रीमती अलका दानी द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर आयोजित वर्ष 2024 का मुख्य परीक्षा परिणाम विद्यामण्डलम् कार्यालय में घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम 96.35 प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 3 हजार 504 परीक्षार्थी (कक्षा 9वीं से 12वीं तक) शामिल हैं, जिसमें बालक 2 हजार 90 एवं बालिकाएं 1 हजार 414 हैं। वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिसमें (9वीं से 12वीं) में 3 हजार 196 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें बालक 1 हजार 891 और बालिकाएं 1 हजार 305 उत्तीर्ण हुए। कक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) का परीक्षा परिणाम 98.48 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (10वीं) में दर्ज संख्या 801 (बालक 503, बालिकाएं 298) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 777 (बालक 486, बालिकाएं 291) परीक्षा में उर्तीण रहे। 470 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 284 बालक-बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रहे तथा 23 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 7 परीक्षार्थी पूरक आएं एवं 5 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे। प्रावीण्य सूची में गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जर्वे जांजगीर-चांपा की छात्रा चंद्रभागा कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) का परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (12वीं) में दर्ज संख्या 589 (बालक 333, बालिकाएं 256) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 565 (बालक 317, बालिकाएं 248) परीक्षा में उर्तीण रहे। 462 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 96 वालक-बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रहे तथा 7 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 9 परीक्षार्थी पूरक आएं। प्रावीण्य सूची में श्री रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट जिला बलरामपुर की छात्रा यामिनी भगत ने प्रथम




### 10वीं-12वीं के टॉपर्स का सरकार करेगी सम्मान

**रायपुर 15 मई।** छत्तीसगढ़ की सरकार 12वीं, 10वीं बोर्ड के टॉपर्स को सम्मानित करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार प्रत्येक टॉपर छात्र-छात्राओं को कम से कम 1.50 लाख रुपय तक के ईनाम राशि देगी। जानकारी के मुताबिक, आचार संहिता खत्म होने के बाद राज्य सरकार की तरफ से टॉपर्स के सम्मान कार्यक्रम की तारीख का ऐलान कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि, छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से होनहारों को सालों से सम्मान होता रहा है। हाल के सालों में बच्चों की ना सिर्फ सम्मान राशि में बढ़ोतरी की गई है, बल्कि लैपटॉप की जगह नगद राशि का प्रावधान किया गया है। 2019 तक होनहारों को 1.25 लाख के साथ लैपटॉप दिए जाने का प्रावधान रखा गया था, लेकिन 2021 में इस योजना में कुछ बदलाव किया गया। जिसके तहत लैपटॉप के स्थान पर 25000 नगद देने की व्यवस्था सरकार की तरफ से की गई। माना जा रहा है कि जल्द ही इस वर्ष टॉपर्स के सम्मान की रूपरेखा राज्य सरकार जारी करेगी, जिसके तहत राज्य के मेधावी छात्रों को कम से कम 1.30 लाख तक का इनाम राज्य सरकार की तरफ से दिया जाएगा।



### 50 भारतीय स्टार्टअप को लॉन्च करने का लक्ष्य

**रायपुर 15 मई।** अमेज़न इंडिया ने आज प्रोपेल के चौथे सीज़न के लॉन्च की घोषणा की, जो कंस्यूमर प्रोडक्ट खंड में स्टार्टअप के लिए एक ग्लोबल बिज़नेस एक्सेलरेटर जैसा है। यह अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम है जिसे उभरते भारतीय ब्रांडों और स्टार्टअप को ईकॉमर्स एक्सपोर्ट्स के ज़रिये दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंचने के लिए समर्पित रूप से सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रोपेल एस4 अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में लॉन्च होने वाले 50 स्टार्टअप तक का समर्थन करेगा और भारत से ग्लोबल ब्रांड तैयार करेगा। इसमें भाग लेने वाले स्टार्टअप कुल 1.5 मिलियन डॉलर से अधिक के पुरस्कार जीतेंगे, जिसमें एडब्ल्यूएस एक्टिवेट क्रेडिट, छह महीने की मुफ्त लॉजिस्टिक्स और खाता प्रबंधन सहायता, साथ ही शीर्ष 3 विजेताओं के लिए अमेज़न से संयुक्त रूप 100,000 डॉलर का अनुदान शामिल है। अमेज़न इसमें भाग लेने वाले स्टार्टअप को भारतीय रेवेन्यू-आधारित-फाइनेंसिंग फर्मों जैसे क्लब, वेलोसिटी और गेटवेंटेज से जुड़ने में भी मदद करेगी जो प्रतिभागी स्टार्टअप को बड़े पैमाने पर अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए क्यूरेटेड ऑफर प्रदान करेंगे।

आवश्यकता है
शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।
संपर्क करें -98261 74789

# विद्यार्थियों ने बढ़ाया स्कूल का मान

**रायपुर 15 मई।** सीबीएसई कक्षा 12 वीं व दसवीं की परीक्षा में रॉयन इंटरनेशनल शाला के विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गर्व से ऊंचा किया है। शाला संस्थापक डॉ. ए.एफ. पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. ग्रेस पिंटो ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने योग्यता का अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। कक्षा बारहवीं में अमृता दाश, रूद्र चंद्राकर, नमन आहूजा, जुगराज सिंग भाटिया, अंशिता गोवानी, रिशु पाण्डेय तथा मयंक काछेला एवं कक्षा दसवीं में आर्या श्रीवास्तव, राज चंद्राकर, मन्नत सचदेव, उत्कर्ष तिवारी, सिद्धांत संजय कुमार ने गौरवशाली अंक हासिल किए हैं। रायन ग्रुप देश का जाना माना शिक्षा संस्थान ग्रुप है। यहां सभी तरह की शिक्षा दी जाती है।



शारीरिक व बौद्धिक विकास के साथ ही सांस्कृतिक ज्ञान व विकास पर बल दिया जाता है। संस्कार के साथ अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। रोजगार मूलक शिक्षा व कौशल विकास शाला प्रबंधन की प्राथमिकताओं में शामिल है। यहां शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य स्टाफ विशेष योग्यता वाले हैं। स्कूल पूर्ण सुविधाओं से युक्त है। तभी तो यहां के बच्चे कुछ बड़ा व स्वर्णिम भविष्य हासिल कर निकलते हैं।

### कम खर्च पर गर्मी की छुट्टियों का आनंद लें

**रायपुर 15 मई।** गर्मियां दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं इसी के साथ वक्त है अपनी शानदार छुट्टियों की योजना बनाने का। कल्पना कीजिये: सूर्य की चमक अपने चरम पर है, लहरें सनसनी मचा रही हैं और हवा की सरसराहट में रोमांच की भीनी-भीनी महक भरी है। मगर आप अपने दिल को थाम लीजिये, क्योंकि हम आपकी छुट्टियों की योजना को अनूठा बना कर आपको हैरान करने जा रहे हैं! अमेज़न पे से हम आपकी ट्रिप को बेहद आसन और मजेदार बनाने जा रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं रहा होगा। बुकिंग कीझिकझिक और लॉजिस्टिक्स की झंझट को गुडबॉय तथा सुविधाओं एवं रोमांच से भरपूर दूनिया का इन्जांय करने के लिए तैयार हो जाइये।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26